विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 35 अंक 333 | कोरबा, सोमवार , दिनांक 02 सितम्बर 2024 डाक 03 सिमम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

विविधा
राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की



देश-विदेश
एक्ट्रेस को कपड़े बदलते देखते हैं एक्टर, वैनिटी वैन में होते हैं हिडन कैमरे अभिनेत्री के दावे पर मचा हंगामा



कोरिया पेज
कोषालय कर्मचारियों पर रहती है विशेष जिम्मेदारी:साव



# अब चंडीगढ़ में किसान आंदोलन शुरू, सरकार के खिलाफ डटे किसान, तीन महीने का राशन-पानी साथ में लाए

**चंडीगढ़, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**



चंडीगढ़ में किसान आंदोलन शुरू हो गया है। सेक्टर-34 के मेला ग्राउंड किसानों ने पक्का मोर्चा लगा लिया। पुलिस प्रशासन ने किसानों को केवल चार दिन की अनुमति दी है लेकिन वे पूरी तैयारी के साथ तीन महीने का राशन-पानी लेकर आए हैं। ऐसे में पुलिस-प्रशासन के साथ आम जनता की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। फिलहाल पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। किसानों को ग्राउंड से बाहर रैली व प्रदर्शन की अनुमति नहीं है। आंदोलन को देखते हुए पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी कर दी है। सेक्टर-34 की ओर जाने वाले कई रूट डायवर्ट किए गए हैं। ऐसे में अगर आपको सेक्टर-34 की ओर जाना है तो परिवर्तित रूट देख लें। किसानों को मेला ग्राउंड में ही रोकने के लिए पुलिस ने ग्राउंड के चारों ओर बैरिकेडिंग करने के साथ अन्य इंतजाम किए हैं। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। यहां करीब 200 पुलिस जवानों समेत रैपिड फोर्स को तैनात कर किया गया है। पुलिस की वर्दी समेत विभिन्न जांच एजेंसियों के जवान भी सिविल ड्रेस में किसानों के बीच मौजूद हैं और उनकी हर गतिविधि पर नजर रख रहे हैं। अगर किसान प्रशासन के आदेशों की अवहेलना करते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पंजाब का विधानसभा सत्र 4 सितंबर तक ही चलना है। प्रशासन के आदेशानुसार, किसानों को 5 सितंबर की सुबह होने से पहले सेक्टर-34 के मेला ग्राउंड को खाली करना होगा लेकिन किसानों ने सरकार ही नहीं बल्कि यूटी प्रशासन व पुलिस के साथ भी आर-पार की लड़ाई करने का ऐलान कर दिया है। किसानों का कहना है कि अब तो उनका पक्का मोर्चा इस ग्राउंड से तभी उठेगा जब पंजाब सरकार उनकी सारी मांगें मान लेगी। अगर किसानों को पंजाब सरकार की ओर से उनकी मांगों को लेकर बातचीत के लिए बुलाया जाता है तो इसके लिए भी केवल 5-7 किसानों का शिष्टमंडल ही सरकार के साथ बातचीत के लिए जा सकेगा और उसकी जिम्मेदारी पुलिस की होगी। ट्रैफिक पुलिस की ओर से किसान आंदोलन में आने वाले किसानों को अपने वाहन निर्धारित स्थान पर ही खड़े करने होंगे।

# मणिपुर के गांव में पांच खाली पड़े घरों को जलाया पुलिस का दावा- संदिग्ध उग्रवादियों को खदेड़ा



**इंफाल, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

मणिपुर में पिछले साल भड़की हिंसा के बाद अभी भी तनाव बना हुआ है। यहां के इंफाल पश्चिम जिले के एक गांव में संदिग्ध उग्रवादियों ने कम से कम पांच खाली पड़े घरों को जला दिया। इसकी जानकारी सोमवार को पुलिस ने दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि उग्रवादियों ने कल दोपहर से पहाड़ी की चोटियों से लेकर कुतुक और पड़ोसी कदांगबंद के निचले घाटी इलाकों में अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी थी। बाद में वे कौतुक गांव के बाहरी इलाके में पहुंचने में कामयाब रहे। उन्होंने कहा कि कल दोपहर करीब ढाई बजे शुरू हुई गोलीबारी और बम हमले के बाद लोग अपने घरों से भाग गए थे। बदमाश तथ्यों ने पांच खाली पड़े घरों को जला दिया।

## जम्मू के सुंजवां सैन्य स्टेशन पर आतंकियों ने की फायरिंग, गोलीबारी में एक जवान बलिदान

**जम्मू-कश्मीर, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

जम्मू के सुंजवां सैन्य स्टेशन पर आतंकियों द्वारा बेस के बाहर से की गई गोलीबारी में एक सैन्य जवान बलिदान हो गया। बलिदान जवान की पहचान नायक कुलदीप के रूप में हुई है। आतंकियों की तलाश के लिए तलाशी अभियान जारी है। सर्च ऑपरेशन के लिए ड्रोन भी तैनात किए गए हैं।

# आप विधायक अमानतुल्लाह खान के घर पहुंची ईडी की टीम, मनीष सिसोदिया बोले- इनका यही काम है

**नईदिल्ली, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**



आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान ने आज (सोमवार) सुबह बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय के लोग मुझे गिरफ्तार करने के लिए मेरे घर आए हैं। फिलहाल ईडी की टीम अमानतुल्लाह के घर पर है। दिल्ली पुलिस की टीम और अर्धसैनिक बल के जवान भी उनके घर के बाहर मौजूद है। अमानतुल्लाह खान ने सोशल मीडिया के जरिए इसकी जानकारी दी। उन्होंने एक्स हैंडल पर वीडियो शेयर कर कहा कि अभी सुबह-सुबह तानाशाह के इशारे पर कटपुतली ईडी मेरे घर पहुंची है।

मुझे और आप नेताओं को परेशान करने में तानाशाह कोई कसर नहीं छोड़ रहा।उन्होंने कहा कि सर्च वारंट के नाम पर ईडी का मकसद मुझे अरेस्ट करना है। मैंने हर नोटिस का जवाब दिया है। 2016 से चल रहा मुकदमा फर्जी है। सीबीआई ने खुद कहा है कि किसी भी तरह का लेनदेन नहीं हुआ है। आप विधायक अमानतुल्लाह खान दिल्ली वक्फ बोर्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच के घेरे में हैं। उनपर आरोप है कि बोर्ड के फंड का गलत इस्तेमाल किया।

# हरियाणा से पहले भी इन राज्यों में बदल चुकी है चुनाव की तारीख

**चंडीगढ़, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**



केंद्रीय चुनाव आयोग ने मतदान की तारीख पहली बार नहीं बदली है। सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों की वजह हरियाणा से पहले पंजाब, राजस्थान, मणिपुर और उत्तर प्रदेश में मतदान की तारीखों में बदलाव किया जा चुका है। बिश्नोई समाज के प्रमुख त्योहारों में से एक असोज अमावस्या की वजह से हरियाणा में मतदान की तारीख एक अक्टूबर से बदलकर पांच अक्टूबर कर दी गई है। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल का कहना है कि अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा, बीकानेर (राजस्थान) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की तारीख को पुनर्निर्धारित करने का प्रतिवेदन किया था। राजस्थान के बीकानेर में मुकाम नामक धाम पर गुरु जंभेश्वर को समाधि दी गई थी।पंजाब, राजस्थान व हरियाणा से बिश्नोई समाज के लोग गुरु जंभेश्वर की स्मृति में मनाए जाने वाले वार्षिक उत्सव के लिए असोज महीने की अमावस्या के दिन मुकाम जाते हैं।

यह त्योहार दो अक्टूबर को मनाया जाएगा। सिरसा, फतेहाबाद, हिसार में रहने वाले हजारों बिश्नोई परिवार राजस्थान की यात्रा करेंगे, जिससे उन्हें वोट देने का अधिकार नहीं मिलेगा। इनके प्रतिनिधित्व पर विचार करते हुए आयोग ने हरियाणा विधानसभा चुनावों के मतदान की तारीख में बदलाव किया गया।

# बालिका आश्रम में फैली बीमारी, एक बच्ची की मौत, 10 बीमार, आश्रम पहुंची डॉक्टरों की टीम

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर जिला मुख्यालय से 45 किलोमीटर दूर बकावंड ब्लॉक के कोलावन बालिका आश्रम में मौसमी बीमारी फैल गई। इस बीमारी की चपेट में आने से आश्रम की एक 5वीं कक्षा की छात्रा अंजना कश्यप की मौत हो गई।इसके अलावा आश्रम में सात अन्य छात्राएं भी इस बीमारी से ग्रस्त हैं। कोलावन बालिका आश्रम में पांचवीं की छात्रा की मौत की खबर के बाद पूरे आश्रम में दहशत फैल गई है। इस स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों की एक टीम मौके पर पहुंची है। कोलावन बालिका आश्रम में फैली मौसमी बीमारी ने गंभीर रूप ले लिया है। इस बीमारी से ग्रसित 5वीं कक्षा की छात्रा अंजना कश्यप ने दम तोड़ दिया।

छात्रा की मौत के बाद आश्रम में मौसमी बीमारी के फैलने की पुष्टि हुई। स्वास्थ्य जांच के दौरान पता चला कि सात अन्य छात्राएं भी इस बीमारी से ग्रसित हैं। फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। दो दिन पहले आश्रम की छात्राओं की स्वास्थ्य जांच की गई थी। जांच में सात बालिकाएं मौसमी बीमारी के लक्षण पाए गए थे। मौसमी बीमारी के प्रकोप को देखते हुए, डॉक्टरों की एक टीम मौके पर पहुंची है।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## एक इशारा और रूस हो जाएगा तबाह! यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने बना लिया घातक प्लान




**नई दिल्ली।** रूस-यूक्रेन युद्ध को दो साल से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन अभी तक कोई हार मारने को तैयार नहीं है। उलटा अब यूक्रेन ने रूस पर हमले तेज कर दिए हैं। रूस जहां ताबड़तोड़ हमले कर रहा है, वहीं यूक्रेन रणनीति के साथ रूसी जमीन कब्जाने पर जुटा है। इसी के साथ रूस के कई शहरों में यूक्रेनी सेना ड्रोन अटैक भी कर रही है। इस बीच अब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने पुतिन के देश को तबाह करने का बड़ा प्लान बना लिया है। जेलेंस्की को बस अब अमेरिका की मंजूरी मिलने का इंतजार है। जेलेंस्की को अब सिर्फ अमेरिका से मंजूरी मिलने का इंतजार है, जिसके लिए उसने अमेरिका पर दबाव भी बनाना शुरू कर दिया है। यूक्रेन चाहता है कि वो रूस के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाए और उसके लिए वो अमेरिका की मंजूरी के इंतजार में है।

# तुम्हारी मस्जिदों के अंदर आकर चुन-चुन के मारेंगे, बीजेपी विधायक के बयान से महाराष्ट्र में सियासी तूफान, दो एफआईआर भी दर्ज

**मुंबई, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**



महाराष्ट्र के बीजेपी विधायक नितेश राणे ने एक बेहद भड़काऊ भाषण दिया है। अब इस मामले में उनके खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की गई है। अहमदनगर पुलिस ने यह जानकारी दी है। पहला मामला श्रीरामपुर और दूसरा मामला तोपखाना में दर्ज किया गया है। नितेश राणे ने अहमदनगर में सकल हिंदू समाज के कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। इसी दौरान उन्होंने बेहद भड़काऊ भाषण दिया। नितेश राणे का बयान इंटरनेट मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। सकल हिंदू समाज के आंदोलन में नितेश राणा पहुंचे थे।

यहां वे कहते हैं, अगर हमारे रामगिरि महाराज की तरफ.... नहीं तो यह बोलेंगे कि मराठी में बोल गया, इसलिए तेरे को जो भाषा समझ आती है, उसी भाषा में धमकी देकर जा रहा हूं। अगर हमारे रामगिरी महाराज के खिलाफ तुमने कुछ भी किया तो तुम्हारी मस्जिदों के अंदर आकर चुन-चुनके मारेंगे। इतना ध्यान रखना। इस बीच नितेश कुछ अपशब्दों का इस्तेमाल भी करते हैं।

# मीट की दुकान खोली तो गोलियों से भून डाला, 17 लोगों ने घर में घुसकर दो भाइयों की कर दी हत्या

**शिवपुरी, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**



मध्यप्रदेश के शिवपुरी से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां मीट की दुकान खोलने पर दो भाइयों को गोलियों से भून दिया गया। दरअसल, पिछोर थाना क्षेत्र के कस्बे में घावरी परिवारों में मीट की दुकान खोलने को लेकर बवाल मचा था। विवाद इतना बढ़ गया कि घर पर बैठे दो भाइयों को गोली मार दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर 17 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, मृतक विजय घावरी (40 साल) व अजय घावरी (35 साल) कृषि उपज मंडी के बाहर कई सालों से मीट की दुकान का संचालन कर रहे थे।

हाल ही में वहां पर उन्हीं के समाज के शेरसिंह घावरी व उसके बेटों ने नई मीट की दुकान खोल ली। ऐसे में दोनों पक्षों के बीच कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। मामले को लेकर रविवार की देर शाम दुकान पर ही दोनों पक्षों में विवाद हो गया। उसके बाद अजय और विजय घर आ गए। इस दौरान रात करीब 8 बजे सागर, संतोष, अमर, मनीष, सौरभ घाबरी और उनके पिता शेर सिंह सहित 17 लोग हाथों में अवैध कट्टे लेकर अजय व विजय के घर पहुंच गए।

### राजस्थान के SI पेपर लीक मामले में बड़ा एक्शन

# अपने ही बच्चों को पेपर देने वाला पूर्व RPSC सदस्य गिरफ्तार, बेटा-बेटी भी पकड़े

**जयपुर, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

राजस्थान के सब इंस्टपेक्टर परीक्षा 2021 के पेपर लीक मामले में आज बड़ा एक्शन हुआ है। पूर्व राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) के सदस्य रामूराम राईका को राजस्थान पुलिस के विशेष संचालन समूह (एसओजी) ने गिरफ्तार किया है। एसओजी ने राईका के बेटे और बेटी को तीन अन्य प्रशिक्षुओं के अलावा पेपर लीक में शामिल होने और परीक्षा में एक पद हासिल करने के लिए गिरफ्तार किया था।

एडीजी सोग वीके सिंह ने सोमवार को पीटीआई को बताया, पूर्व आरपीएससी सदस्य को रविवार को अपने बच्चों को सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा पेपर प्रदान करने के लिए गिरफ्तार किया गया था। पुलिस रिमांड की मांग करने के लिए सोमवार को अदालत के समक्ष रायका प्रस्तुत किया जाएगा। गिरफ्तार किए गए सभी पांच आरोपियों को एक अदालत के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें 7 सितंबर तक पुलिस रिमांड के लिए भेजा गया था।

पेवर ब्लॉक
सीमेंट से निर्मित (राखड़ मुक्त) उच्च क्वालिटी के पेवर ब्लॉक



जिग्जैक आई कॉस्मिक बर्फी एक्सकॉन
एवं अन्य प्रकार के डिजाइन में
उचित मुल्य पर उपलब्ध
चेकर टाईल्स
पेट्रोल पंप के लिए रबर मोल्ड जिग्जैक भी उपलब्ध है।
संपर्क करें - 94255-40449
ऐरन इंटरप्राईजेस
कोरबा (छ.ग.)

# तीजा-पोरा पर आज छत्तीसगढ़ में 70 लाख महिलाओं को मिलेंगे एक-एक हजार रुपये

**रायपुर, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**



हरेली के बाद अब तीजा-पोरा के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास को सजाया गया है। तीजा-पोरा तिहार से पहले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास में खास आयोजन किया है। सुबह 11 बजे इस कार्यक्रम में 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना की सातवीं किस्त की एक-एक हजार रुपये राशि जारी की जाएगी। सरकार इसे तीजा-पोरा तिहार का उपहार बता रही है है। मुख्यमंत्री साय का कहना है कि तीजा का त्योहार वैसे तो छह सितंबर को है, लेकिन हम पहले ही महिलाओं को राशि जारी कर देंगे। साय ने एक्स पर पोस्ट करके लिखा कि इस तीजा पर छत्तीसगढ़ की हर महिला के चेहरे पर मुस्कान और हृदय में गर्व का अहसास है, क्योंकि हमारी सरकार हर कदम उनके साथ है। मुख्यमंत्री ने पोला तिहार की बधाई और शुभकामनाएं दी है। साय ने कहा है कि पोला तिहार किसानों का खेती किसानी से जुड़ा सबसे बड़ा त्योहार है। यह हमारे जीवन में खेती-किसानी और पशुधन का महत्व बताता है। इस दिन घरों में उत्साह से बैल और जाता-पोरा की पूजा कर अच्छी फसल और घर को धन-धान्य से परिपूर्ण होने के लिए प्रार्थना की जाती है। मुख्यमंत्री निवास तीजा-पोरा के पारंपरिक गौरव की झांकी तरह सज गया है। इसे मिट्टी के खूबसूरत नंदिया बइला और रंगीन खिलौनों से सजाया गया है। मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पत्नी कौशल्या साय सजावट के साथ-साथ परंपरागत छत्तीसगढ़िया व्यंजनों के साथ ठेठरी-खुरमी बनाने की तैयारी भी की हैं।

मुख्यमंत्री निवास परिसर में छत्तीसगढ़ की परंपरा और रीति-रिवाज के अनुसार साज-सज्जा की गई हैं। इस मौके पर नांदिया-बैला की पूजा की जाएगी। तीजा महोत्सव का आयोजन होगा। तीजा-पोरा त्यौहार के लिए कार्यक्रम में बहनों को आमंत्रित किया गया है। इस तरह महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री निवास एक दिन के लिए मायका बन जाएगा। कार्यक्रम में विशेष रूप से महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाएं, महिला स्वसहायता समूहों की महिलाएं और मितानिनों सहित लगभग तीन हज़ार महिलाओं को आमंत्रित किया गया है। अवसर पर प्रतिभागी महिलाओं को राष्ट्रीय पोषण माह 2024 अंतर्गत शपथ पत्र का वाचन भी कराया जाएगा।

# सीएमए किक बाक्सिंग एकेडमी कोरबा के 2 खिलाड़ियों को शहीद कौशल यादव पुरस्कार,25 अन्य पुरस्कृत

कोरबा। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य खेल अलंकरण समारोह का आयोजन 29 अगस्त को पं.दीनदयाल उपाध्याय ऑडीटोरियम, रायपुर में दोपहर 12:00 बजे से किया गया। समारोह में वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 के लिये खिलाड़ियों को अलंकरण पुरस्कार प्रदान किया गया।

कोरबा जिला से शहीद कौशल यादव पुरस्कार वर्ष 2021-22 से किक बाक्सिंग खेल में कु. श्रेया शुक्ला, शहीद कौशल यादव पुरस्कार वर्ष 2022-23 से किक बाक्सिंग खेल में कृष्ण कुमार डड़सेना को अलंकृत किया जाएगा। इसी प्रकार उक्त आयोजन में वर्ष 2021-22 हेतु किक बाक्सिंग खेल में कृष्ण कुमार डड़सेना, तुषार सिंह ठाकुर, सानू मेहराज, भूपेन्द्र पटेल, प्रभात कुमार साहू, हिमांशू यादव, श्रेया शुक्ला, कृति शर्मा, अनु शर्मा, सृष्टि मिश्रा, अशोक साहू, तथा वर्ष 2022-23 हेतु किक बाक्सिंग खेल में कृष्णा कुमार डड़सेना, तुषार सिंह ठाकुर, सोमेश साहू, अंकुश लाल यादव, अशोक साहू, चंदन पटेल, हिमांशु यादव, श्रेया शुक्ला, अनु शर्मा, पूर्णा साहू, रमनदीप कौर, सोनिया शर्मा, आदित्या पाल, लोकिता चौहान, रेहाना फातिमा को नगद राशि सम्मान प्रदाय किया जाएगा। सभी खिलाड़ी सीएमए किकबाक्सिंग एकेडमी कोरबा में प्रशिक्षित हैं।

छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के खिलाड़ियों को शासन द्वारा प्रदाय किए जाने वाले खेल अलंकरण, नगद पुरस्कार, खेल वृत्ति हेतु इन्होंने राज्य शासन का आभार व्यक्त किया। एसोसिएशन के महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि राज्य शासन की इस पहल से निश्चित तौर से किकबाक्सिंग खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा है और वे जोर शोर से आने वाली प्रतियोगिताओं की तैयारी में लग गए हैं। इस अवसर पर वाको इंडिया किकबाक्सिंग फेडरेशन के अध्यक्ष संतोष



### लगातार मिल रही सफलता :तारकेश

छग किकबाक्सिंग एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा ने बताया कि सन 2006 से लगातार किकबाक्सिंग खेल कोरबा सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में संचालित किया जा रहा है। इस खेल का मुख्यालय सी एम ए किकबॉक्सिंग एकेडमी कोरबा मुख्यालय है। इस खेल की अंतर्राष्ट्रीय संस्था वर्ल्ड एसोसिएशन आफ किकबाक्सिंग आर्गेनाइजेशन (वाको) को को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी से मान्यता है, साथ ही राष्ट्रीय इकाई वाको इंडिया किकबाक्सिंग फेडरेशन को के आधार पर संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण रायपुर छत्तीसगढ़ शासन ने एसोसिएशन को विभागीय मान्यता प्रदान कर दी है।

अग्रवाल, छत्तीसगढ़ किकबाक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगनलाल मुंदड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा, महासचिव आकाश गुरुदीवान, जिला खेल अधिकारी दिनु पटेल,जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष नौशाद खान, सचिव सुरेश क्रिस्टोफर, सहायक खेल प्रभारी रामकृपाल साहू, सीएमए किकबॉक्सिंग एकेडमी की संचालिका प्रीती मिश्रा, अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी ,प्रतिभा राय, रेहाना फातिमा, अंतराष्ट्रीय रेफरी देवसागर साहू, पूजा पांडेय, राहुल मोदी, शैलेश सिंह सोमवंशी, विकास नामदेव,प्रभात साहू अशोक साहू, जुनैद आलम, मयंक डडसेना, अंकुश लाल यादव, रमेश साहू , शुभम यादव, लोकिता चौहान, हिमांशु यादव, सोमेश साहू, सानू मेहराज, रमनदीप सिंह, आदित्या पाल,कपिल पटेल, अभिभावकों एवं खेलप्रेमियों ने शुभकामनाएं दी है।

# नेपाली गोरखाली महिला सांस्कृतिक मंच ने मनाया तीज समारोह

## रंगारंग प्रस्तुति देने वालों को मिले पुरस्कार

कोरबा। हरितालिका तीज पर्व से पहले कोरबा के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित होटल महाराजा में नेपाली गोरखाली महिला सांस्कृतिक मंच के द्वारा तीज मिलन उत्सव आयोजित किया गया। विभिन्न परंपरा के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुति यहां पर दी गई। आयोजको के द्वारा अच्छी प्रस्तुति देने वालों को पुरस्कार दिए गए।

इस वर्ष भी तीज मिलन उत्सव समारोह पर एक आयोजन नेपाली गोरखाली महिला सांस्कृतिक मंच की ओर से किया गया। तीजा पर्व से पहले विवाहित महिलाओं को सुहाग सामग्री देने के साथ उन्हें विविध व्यंजन दिए गए। पूरे समाज की भागीदारी इस समारोह में रही। उत्सव के अंतर्गत कई प्रकार की प्रतियोगिताएं भी रखी गई जिसमें महिलाओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। जीवन को खुशनुमा करने का उद्देश्य इस उत्सव के पीछे शामिल रहा। आयोजन करने में प्रमुख भूमिका निभाने वाले पदाधिकारी ने बताया कि तीज उत्सव हमारी परंपरा का एक हिस्सा है और इसका निर्वहन हर वर्ष पर्व से पहले किया जाता है।

उत्सव के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिता में विजेता को पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज की अध्यक्ष शकून गुरुंग, ललिता सिंह, नेहा प्रधान, माया थापा, नीलू सुब्बा, सुषमा श्रेष्ठ, निर्मला सोनी, भारती और अन्य ने योगदान दिया



## सामुदायिक भवन का सांसद ने किया लोकार्पण

छुरीकला। नगर के समीप ग्राम पंचायत ढ़पढ़प कसरेंगा मे विधायक मद एंव खनिज न्यास मद से बनाए गये 20 लाख की यादव समाज के सामूदायिक भवन का लोकार्पण क्षेत्रीय सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास मंहत द्वारा गुरुवार को पूर्व विधायक कटघोरा पुरुषोत्तम सिंह कंवर , जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर , श्रीमती गीता यादव जिला अध्यक्ष सर्व यादव समाज , यादव आदर्श सेवा संस्थान के अध्यक्ष डां पी एल यादव , हरीश परसाई सांसद प्रतिनिधि , सुरेंद्र जायसवाल जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी ग्रामीण, गोरेलाल यादव अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण कटघोरा ,हीरालाल यादव पार्षद , जीवन यादव पूर्व सांसद प्रतिनिधि , ग्राम सरंपच श्रीमती रामकुमारी शिवनाथ बिंझवार एंव यादव समाज के महिला पुरुष के गरिमामय उपस्थिति मे किया गया । लोकार्पण के दौरान उपस्थित मुख्य अतिथि श्रीमती ज्योत्सना चरण दास मंहत और पुरूषोत्तम सिंह कंवर पूर्व विधायक कटघोरा का यादव समाज के लोगों द्वारा रावतनात व करमा नृत्य के साथ किया गया ,मंचस्थ मे उपस्थित अतिथियों का स्वागत यादव समाज के पदाधिकारी एंव महिला समूह द्वारा किया गया लोकार्पण अवसर पर सांसद ज्योत्सना मंहत ने उदबोधन मे यादव समाज की तारीफ करते हुए कहां हर समाज को आगे बढाने के लिए समाज के महिला पुरूष और युवाओं का जनभागीदारी योगदान जरूरी है , समाज मे रहकर समाज के हित मे कार्य करनी चाहिए तथा महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने की प्रयास करनी चाहिए ,आगे उन्होंने कहाँ कांग्रेस सरकार के दौरान हर समाज के उत्थान के लिए कार्य किया है और आगे किया जायेगा , नवनिर्मित सामुदायिक भवन की तारीफ की गई । यादव समाज के अध्यक्ष डां पी एल यादव ने उपस्थित समाज को उदबोधन मे कहाँ यादव समाज के उत्थान के लिए समाज की ओर से असहाय गरीब नि:शक्तजनों के लिए योजना की शुरुआत की गई है जिसका क्रियान्वयन समाज द्वारा किया जा रहा है तथा समाज द्वारा यादव समाज के लिए अन्य योजना लाने की विचार किये जा रहे है , इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी ग्रामीण गोरेलाल यादव ने सांसद श्रीमती ज्योत्सना मंहत के समक्ष भवन के चारों ओर बाउंड्री निर्माण की मांग की गई जिसे सांसद महोदय तत्वरीत मंजूरी देते हुए 20 लाख देने की सभा मे घोषणा की गई जिसका स्वागत उपस्थित जनसमूह द्वारा किया गया

# जिले में स्मार्ट मीटर लगाने का काम हुआ शुरू-रीडिंग से ही आएगा बिल



कोरबा । कोरबा जिले में भी बिजली चोरी रोकने बिजली वितरण विभाग ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर की योजना शुरू की है। इसमें 1 लाख 25 हजार उपभोक्ताओं के मकानों में स्मार्ट मीटर लगेंगे। कोरबा तुलसीनगर जोन से स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की शुरुआत हुई है। जोन अंतर्गत आने वाले कोहड़िया, ढोढ़ीपारा, कृष्णा नगर व गायत्री नगर के मकानों में नए मीटर लगाने नगर का काम तेजी से चल रहा है। अब तक 1 हजार से अधिक मकानों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाया जा चुका है। हालांकि अभी नए मीटर में रिचार्ज की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। अभी फिलहाल पहले की तरह ही रोडिंग करके बिल भेजा जाएगा। अधिकांश क्षेत्र में नए मीटर लगने के बाद रिचार्ज सिस्टम लागू किया जाएगा।

### ठेका कंपनी को स्मार्ट मीटर लगाने मिला 2 साल का समय

वितरण विभाग के अधिकारियों के बताया की स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाली ठेका कंपनी को जिले के शहरी क्षेत्र में 1 लाख 25 हजार और ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 1 लाख नए मीटर लगाना है। इसके लिए कंपनी को 2 साल का समय मिला है। ठेका कंपनी द्वारा निर्धारित समय से पहले ही कार्य पूरा हो सके, इसके लिए पेटी में ठेका दिया जा रहा है। बताया जाता है कि ठेका कंपनी को पूर्व में कई राज्यों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का अनुभव है।

### लग रहे स्मार्ट मीटर, कार्य में आएगी तेजी

बिजली वितरण विभाग के अधीक्षण अभियंता पी.एल. सिदार के बताया की कोरबा में शहरी क्षेत्र के तुलसीनगर जोन से स्मार्ट मीटर लगाने की शुरुआत हो चुकी है। जोन अंतर्गत आने वाले कई क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लग रहे हैं। कार्य में जल्द तेजी आएगी, जिसके साथ दूसरे जोन में भी स्मार्ट मीटर लगना शुरू हो जाएगा।

# नांदिया बैला व खिलौनों की हुई बिक्री

कोरबा। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में वहां की लोक संस्कृति के हिसाब से तीज त्यौहार मनाने की परंपरा लंबे समय से बनी हुई है। हिंदी भाषी राज्यों के अलावा महाराष्ट्र में पोला पर्व धूम्धाम से मनाने का चलन काफी समय से बना हुआ है। सोमवार को यह पर्व मनाया जाएगा। इससे पहले कोरबा के बाजार में पोला से जुड़ी हुई की दुकान लगी हुई है। दुकानदारों को इस पर्व से काफी उम्मीद है।

मुख्य रूप से कृषि पर आधारित वर्ग छत्तीसगढ़ के लगभग सभी क्षेत्रों में पोला त्यौहार मानता है। आधुनिक युग से बहुत पहले कृषि में सबसे अधिक उपयोगी भूमिका निभाने वाले बैलों और दूसरे संसाधनों की पूजा इस अवसर पर की जाती हैं। इसलिए बाजार में नांदिया बेला से लेकर जाता और अन्य खिलौने की दुकान लगी हुई है। सीतामढ़ी क्षेत्र की निवासी सुलोचना प्रजापति ने बताया कि पॉल पर इस प्रकार के सामान की मांग होती है। वह शहर में दुकान लगाकर इन सामानों का विक्रय करेगी।

छत्तीसगढ़ में पोला त्यौहार के अवसर पर जगह-जगह किसानों के द्वारा अपने बैलों की पूजा करने के साथ उन्हें व्यंजन दिए जाएंगे। कुछ स्थानों पर बैलों के लिए प्रतियोगिताएं भी रखने का चलन है। छत्तीसगढ़ की विष्णु देव सरकार ने इस वर्ष पॉल आप पर अवकाश की घोषणा भी की है

## महिला सफाई कर्मियों को साड़ी किया गया वितरण



कोरबा। नगर पालिका दीपका पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय बुगल कुमार दुबे के चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर समस्त मित्र मंडली दीपका गेवरा द्वारा आयोजित नगर पालिका दीपका के सफाई कर्मचारी बहनो को साड़ी फल वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआकार्यक्रम में विधायक प्रेमचंद पटेल, छत्तीसगढ़ राज्य आयोग पूर्व अध्यक्ष ज्योति नंद दुबे, नगर पालिका अध्यक्ष संतोषी दीवान, सीएमओ राजेश गुप्ता,भवदीप दुबे ,मनोज दुबे, अरुणिश तिवारी,सूर्य प्रकाश शर्मा, डाक्टर.अनूप यादव, संगीता साहू, राजेंद्र साहू, राम पुकार पंडित, आशा देवी पंडित, उत्तम दुबे, कुसुमलता केवट,ज्योति तिवारी,धर्म तिवारी, मुकेश जायसवाल, आनंद चौकसे, विशाल अग्रवाल,अरुण शर्मा, हनुमान जोशी, नितेश शर्मा ,मन्नू राठौर, द्वारिका शर्मा, रमेश गुरुद्वान, निलेश साहू, संतोष निराला,सुजीत सिंह,संजय सोनकर ,नवीन साहू, सत्यम यादव,रितेश अग्रवाल,अमित यादव,नौसाद खान,सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# पिछली सरकार ने कुपोषण को बढ़ावा देने का किया काम:लक्ष्मी

कोरबा। प्रदेश की महिला बाल विकास व समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने कांग्रेस की पूर्व सरकार पर हमला बोलते हुए कहा,कि पूर्व सरकार ने प्रदेश में कुपोषण को बढ़ावा देने का काम किया है। कुपोषण को समाप्त करने अगर उनके द्वारा कोई काम किया गया होता,तो आज छत्तीसगढ़ कुपोषण मुक्त राज्य बन चुका होता। भाजपा की वर्तमान सरकार कुपोषण को समाप्त करने का प्रयास कर रही है।

महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कांग्रेस पर कुपोषण को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि पिछली सरकार की नीतियों के कारण प्रदेश में कुपोषण की समस्या गंभीर हो गई थी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में कुपोषण में कमी लाने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया जा रहा है। राजवाड़े ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं और बच्चों को नियमित रूप से पोषित आहार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे प्रदेश में कुपोषण की स्थिति में सुधार हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार की योजनाएं और प्रयास जमीनी स्तर पर असर दिखा रहे हैं, और आने वाले समय में कुपोषण की समस्या को और भी नियंत्रित किया जाएगा। राजवाड़े ने कांग्रेस की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि पिछली सरकार के दौरान कुपोषण को नजरअंदाज किया गया, जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश में कुपोषित बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी हुई। भाजपा सरकार ने इस चुनौती को गंभीरता से लेते हुए कई ठोस कदम उठाए हैं, जिससे अब स्थिति में सुधार हो रहा है।

रायपुर जाने के दौरान कटघोरा में मीडिया से बातचीत करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव सरकार गर्भवती महिलाओं और नवजात बच्चों के पोषण के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

# पुलिस के लिए हर दिन एक नई चुनौती लेकर आता है: आईपीएस सिद्धार्थ तिवारी



कोरबा। कोरबा जिले में मेरा 6 माह का कार्यकाल चुनौती के साथ काफी सुखद अनुभव रहा है। पुलिस के लिए हर दिन एक नई चुनौती लेकर आता है। पुलिस में डेली नया टारगेट लेकर काम करना होता है। पुलिस ऐसा काम करे जिससे पुलिस के प्रति जनता के मन में विश्वास का भाव होना चाहिए। पुलिसिंग ऐसी होनी चाहिए जिससे अपराधियों के मन में पुलिस का खौफ और जनता में सुरक्षा का भाव हो।

उक्त बातें कोरबा प्रेस क्लब के तिलक भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने कही। श्री तिवारी ने कहा कि पत्रकारिता के दौरान हमें ध्येय वाक्य सिखाया जाता है कि हमें उनकी आवाज बनना है जिनकी आवाज नहीं है। समाज में बदलाव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पत्रकार निभाते हैं। कार्यकाल के दौरान मैंने पूर्व में जो अच्छे काम हो रहे थे उसे आगे बढ़ाया। जहां सुधार की जरूरत थी वहां सुधार किया। उन्होंने कहा कि विभाग में भी कई तरह की शिकायतें थी जैसे महिला संबंधित अपराधों में त्वरित कार्यवाही का अभाव, कार्यकाल के दौरान इस शिकायत को दूर किया गया। उन्होंने जिले की यातायात व्यवस्था को लेकर कहा कि कुछ माह पूर्व जो स्थिति थी उससे कहीं अभी स्थिति में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि सडक़ दुर्घटना रोकना एक चुनौती है। सडक़ दुर्घटनाओं के मूल कारण की पड़ताल की गई तो सामने आया कि अधिकांश हादसे ट्रकों के कारण हो रहे हैं। ट्रकों के कारण हो रहे हादसे के पीछे कहीं न कहीं सडक़ किनारे शराब मुहैय्या होना कारण था, जिसे लेकर हमने सडक़ किनारे ऐसे 8 ढाबों को सील किया। गत वर्ष पूरे साल शराब पीकर वाहन चलाने के 265 प्रकरण पर कार्यवाही की गई थी। जिसके मुकाबले इस साल के 8 माह में ही 1485 प्रकरण में कार्यवाही कर चुके हैं। इसके अलावा पार्किंग की समस्या को लेकर नगर निगम के साथ संयुक्त रूप से कार्यवाही की जा रही है। साथ ही नाबालिग बच्चे बाइक चलाते हैं जिसके कारण भी हादसे होते हैं। इसे लेकर पहले स्कूलों के प्राचार्य के साथ मीटिंग की गई फिर बच्चों को सजग कोरबा अभियान के तहत जागरूक किया गया। इसके बाद भी नहीं चेते तो नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर सतत कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा जगह-जगह फ्लैक्स व लाइट की व्यवस्था करायी जा रही है। जितना व्यवस्था में सुधार कर सकते हैं उसमें हम प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही चीता स्क्वायड शहर में उतारी जाएगी। उन्होंने अपने अनुभव के आधार पर कहा कि कोरबा में प्रेस और पुलिस का सामंजस्य अव्वल दर्जे का है। अपराध नियंत्रण के साथ ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में कार्य किया लगातार कार्यवाही कर रहे हैं। कोरबा में चाहे शांतिपूर्ण ढंग से लोकसभा चुनाव संपन्न कराना हो या फिर 17 टुकड़ों में बॉडी मिलने का मामला, ब्लाइंड मर्डर, लूट, यातायात की समस्या, कानून व्यवस्था की स्थिति सुधारना, आपराधिक गतिविधियों पर नकेल कसना सहित कई चुनौतियां रही है कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल व आभार प्रदर्शन दैनिक मितान के संपादक व वरिष्ठ पत्रकार छेदीलाल अग्रवाल ने किया। मंच का संचालन सचिव नागेंद्र श्रीवास ने किया। पूर्व सचिव द्वय मनोज ठाकुर और दिनेश राज ने पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी को प्रेस क्लब की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान प्रेस क्लब के सभी सदस्य उपस्थित थे।

पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी ने कहा कि मैं कोरबा में रहता हूं और कोरबा मेरा है। इस सोच के साथ में मैं काम करता हूं। जनता को भी काननू का पालन करना चाहिए। पुलिस पर आरोप लगाना बेहद आसान है। आम जनता को भी चिंतन मनन करना होगा। यही सजग समाज की पहचान है। सुगम व सुचारू यातायात व्यवस्था जनता को मिले इसके लिए जनभागीदारी होनी चाहिए। जिले में 2500 जवानों की कमी है। इसके बाद भी पुलिस हमेशा सेवा में रहती है। कोरबा की व्यवस्था को आईडल लेबल पर ले जाने का प्रयास रहेगा। इसके लिए शहर सुधार की जिम्मेदारी हम सबकी है।कार्यक्रम में एसपी सिद्धार्थ तिवारी का जीवन परिचय कोरबा बालको टाइम्स के संपादक प्रेमचंद जैन ने दिया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के रहने वाले सिद्धार्थ तिवारी का जन्म 12 जनवरी 1985 को हुआ था। उन्होंने बीए ऑनर्स के बाद एमबीए की डिग्री ली है। एमबीए करने के बाद जामिया मिलिया इस्लामिया राष्ट्रीय पत्रकारिता संस्थान से पत्रकारिता की ट्रेनिंग लेकर सिद्धार्थ तिवारी देश की राजधानी दिल्ली में पत्रकारिता करते थे। कुछ समय तक पत्रकारिता करने के बाद उन्होंने सरकारी एग्जाम क्रैक कर भारतीय खाद्य निगम ( फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया) में सहायक महाप्रबंधक की नौकरी प्राप्त कर ली।सिद्धार्थ तिवारी ने 28 दिसंबर 2015 को आईपीएस की सर्विस ज्वाइन की। लाल बहादुर शास्त्री प्रशिक्षण अकादमी हैदराबाद में ट्रेनिंग खत्म करने के बाद सिद्धार्थ तिवारी को फील्ड ट्रेनिंग के लिए प्रशिक्षु आईपीएस के तौर पर दुर्ग जिले में पोस्टिंग मिली। अगले चरण में वे रायगढ़ के सीएसपी बने। रायगढ़ के बाद धुर नक्सल प्रभावित जिले सुकमा के एडिशनल एसपी बने। बतौर एसपी सिद्धार्थ तिवारी की पहली पदस्थापना कोंडागांव जिले के पुलिस अधीक्षक के तौर पर हुई। कोंडागांव के बाद सिद्धार्थ तिवारी दंतेवाड़ा के एसपी रहे। दंतेवाड़ा के बाद सिद्धार्थ तिवारी महेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले के एसपी बने। वर्तमान में सिद्धार्थ तिवारी कोरबा जिले के पुलिस अधीक्षक हैं। एसपी के तौर पर यह उनका चौथा जिला है।

### साइबर क्राइम का कारण अज्ञानता और लालच

श्री तिवारी ने कहा कि वर्तमान समय में अपराध का तरीका और स्वरूप बदल चुका है। साइबर क्राइम को लेकर कहा कि लोगों की अज्ञानता और लोभ तथा लालच इसका सबसे बड़ा कारण है। अज्ञानता और लालच न करें तो हम इससे बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि सट्टा के मामले में हमने कई बड़ी कार्रवाईयां की है। गोवा से आरोपी पकडऩे के साथ इस लिंक से जुड़े अन्य आरोपियों को पकड़ा गया है, जो खाते सामने आए हैं उन्हें फीज भी किया गया है।

## पूरा नही हो रहा फोरलेन निर्माण जाम व कीचड़ से बढ़ी परेशानी



कोरबा। कुसमुंडा फोर लेन निर्माण अंतर्गत इमली छापर और बरमपुर मोड पर काम पूर्ण नही होने की वजह से हर दिन हजारों लोगों को बड़ी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इमली छापर चौक पर कुचेना मोड तक एसईसीएल के द्वारा गढ्ढों के भरने के बाद भी गढ्ढे है,दूसरी तरफ बरमपुर मोड पर भी बीते दिन सर्वमंगला चौक से डामर उखाड़ कर गढ्ढों में भरा गया था।

बावजूद इसके 50 - 50 टन के भारीवाहनों के पहियों तले गढ्ढे जस के तस हो रहें हैं। इन गढ्डों की वजह से हर रोज कोई ना कोई हादसों के शिकार हो रहें है,हां बस किसी की जान नही जा रही है,इसलिए खबरों में नही आ रहें। बताया जा रहा है की बरमपुर मोड पर गढ्डों की वजह से एक ट्रेलर और इनोवा कार में टक्कर हो गई जिस वजह से लगभग 40 मिनट तक इस सड़क पर जाम लग गया। जाम की वजह से लोगों में विवाद तक की नौबत आ गई ।जाम में फंसे किसी व्यक्ति ने डायल 112 को कॉल किया जिसपर कोतवाली में तैनात डायल 112 घटना स्थल तक आने निकली पर वह भी जाम में फंस गई। जैसे तैसे वह भी घटना स्थल पहुंची। हमारे कोरबा आई एन एन प्रतिनिधि सतपाल सिंह कोरबा से कुसमुंडा आ रहें थे,जाम देखकर तत्काल ट्रेफिक अधिकारी और सर्वमंगला पुलिस को इस जाम की सूचना दी,जिसपर ट्रेफिक और सर्वमंगला पुलिस मौके पर पहुंचे और जाम खुलवाया। सोचिए अभी बरसात में खदानों में रोड सेल के लिए कोयला नही है,ऐसे में भारी वाहन महज नाम मात्र के लिए चल रहे है, तब यह स्थिति है,अगर ये सड़क सही समय पर नहीं बनी तो आगे और स्थिति भयावा होने वाली है।आपको बता दें वर्ष 2021 में जब कोरबा कुसमुंडा फोर लेन निर्माण कार्य शुरू हुआ था तो सबसे पहले बरमपुर नहर पर पुल बनने का ही काम शुरू हुआ था, परंतु कुछ व्यवधान की वजह से यही काम आज सबसे पिछड़ा हुआ है। वहीं सीएसईबी के दो राहु केतु के समान ग्रहण लगा रहें खंबे भी सड़क के बीचों बीच जमें हुए है,उन्हे भी हटाने की जहमत सीएसईबी द्वारा नही उठाई जा रही है।

## प्रतिष्ठा को सीईओ की जिम्मेदारी

कोरबा। जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा के बीजापुर कलेक्टर के लिए रिलीव होने के बाद कलेक्टर अजित वसंत ने सीईओ का प्रभार नगर निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगई को सौंपा है।

छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पिछले दिनों कोरबा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबित मिश्रा का तबादला कलेक्टर बीजापुर कर दिया गया है। जिला सीईओ के रिलीव होने के फलस्वरूप एक आदेश जारी कर नगर निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगई को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का प्रभार सौंपा है।

### अधिकारियों का तबादला

कोरबा । एसईसीएल मुख्यालय कार्मिक प्रबंधक ने 11 अधिकारीयों का तबादला आदेश जारी किया है। जारी आदेश में गेवरा और दीपका के एरिया के महाप्रबंधक और सहायक महाप्रबंधक को मुख्यालय में पदस्थ किया गया है।एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर के कार्मिक प्रबंधक विपिन चौधरी ने 11 अधिकारीयों का तबादला आदेश जारी किया है। जारी आदेश में गेवरा एरिया के सहायक महाप्रबंधक अभिषेक पॉल को कोरबा एरिया में पदस्थ किया गया है। इसी तरह दीपका एरिया के नासिर हुसैन को एसईसीएल मुख्यालय में भेजा गया है। दीपका एरिया के सी.डी.एन सिंह को मुख्यालय पदस्थ किया गया है।

# स्ट्रीट लाईट के केबल को पार करने वाला गिरोह सक्रिय

**जांजगीर चांपा।** जांजगीर नैला नगरपालिका के 50 से अधिक स्ट्रीट लाइटों का केबल को अज्ञात चोर लगातार चोरी कर लेरे है जिसके चलते वह से लोगो को बड़ी परेशानी होरी है। इस बात का खुलासा तब हुआ जब नगरपालिका के कर्मचारी बिजली गुल होने की शिकायत करते रहे। तब नपा के कर्मचारी केवलों की जांच की। तब चौकाने वाली बातें सामने आई। दरअसल, शहर में बिजली खंभों के केबल चोरी करने वाला गिरोह का काम कर रहा है तो बिजली खंभों में लगे केबल की चोरी कर रहे हैं। इधर शहर के लोग नगरपालिका की लापरवाही मानकर उन्हें कोसते हैं। लेकिन समस्या कुछ और निकली। शुक्रवार को नगरपालिका के कर्मचारियों ने चर्च के सामने से केबल को ठीक करने दिन भर लगे रहे। इधर, नगरपालिका के कर्मचारियों ने बताया कि शहर के शातिर चोर न केवल बिजली खंभों के केबल की ही चोरी नहीं कर रहे बल्कि और भी नगरपालिका के संपत्ति की चोरी कर रहे हैं। इसी तरह एसएलआरएम सेंटर से भी कई सामानों की चोरी की गई है। जिसकी शिकायत सिटी कोतवाली में की गई है। लेकिन सिटी कोतवाली की पुलिस नगरपालिका की शिकायतों पर गौर नहीं कर रही है। नगरपालिका के कर्मचारियों ने बताया कि अब रात को इसकी मॉनिटरिंग करने की योजना बना रहे हैं। जिसमें नगरपालिका के कर्मचारी रात को इसके लिए गश्त करेंगे। कोई संदिग्ध मिले तो इसकी सूचना सिटी कोतवाली में देंगे। ताकि चोर पकड़ा जा सके।

कर्मचारियों ने बताया कि चोर शातिराना अंदाज से केबल की चोरी कर रहे हैं। पहले चोर बिजली खंभे में लगे कटआउट को ऑफ कर रहे हैं। फिर केबल को खींचकर चोरी कर रहे हैं। शहर के ऐसे सुनसान इलाके का केबल अधिक चोरी हो रही है। जिसमें नहर पार, केरा रोड, नहरिया बाबा रोड के स्ट्रीट लाइट का केबल चोरी होने का खुलासा हुआ है।





## विद्याभारती की खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया मंत्री वर्मा ने

**जांजगीर चांपा ।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग मंत्री टकराम वर्मा ने शनिवार को भारतीय कुष्ठ निवारण संघ सोंठी आश्रम कात्रेनगर का भ्रमण किया एवं सरस्वती शिशुमंदिर चांपा में विधाभारती मध्य क्षेत्र स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने भारतीय कुष्ठ निवारण संघ कात्रेनगर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि कुष्ठ रोगियों की सेवा करना नारायण सेवा के समान है। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय कुष्ठ निवारण संघ परिसर का भ्रमण करते हुए जरूरतमंद कुष्ठ रोगियों को ट्राईसाइकिल का वितरण किया और रक्षा सूत्र बांधते हुए फल वितरित किए। इस दौरान सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ,जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस दौरान कुष्ठ आश्रम सोंठी कात्रेनगर में निवासरत हितग्राहियों से भेंट करते हुए और आत्मीयता के साथ मिलते हुए उनका हालचाल जाना। उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों की जमकर सराहना करते हुए कहा कि आपके बनाये सभी उत्पाद जनसामान्य के लिए उपयोगी है।

मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि प्राचीन काल में कुष्ठ रोगियों से एक दूरी बनाकर लोग रहा करते थे लेकिन आज के परिवेश में यह भेदभाव कम होता जा रहा है। शासन के द्वारा इनके उत्थान के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे इस परिसर में आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। सभी से मुलाकात कर बहुत अच्छा लगा। संघ के सदस्यों द्वारा मन लगाकर सभी की सेवा की जा रही है। इसमें निस्वार्थ सेवा जो की जा रही है वह हम सबके लिए प्रेरणा पुंज है। इस दौरान उन्होंने मंदिर में सिद्धि विनायक भगवान के दर्शन किए और संघ के संस्थापक सदाशिव गोविंद कात्रे की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पदमश्री दामोदर राव बापट की स्मृति में उन्हें याद कर नमन किया। इस दौरान चिकित्सालय का अवलोकन करते हुए डॉक्टर से चर्चा की। संघ सदस्यों ने आश्रम में बाउंड्रीबाल निर्माण करने की बात रखी जिस पर मंत्री टंकराम ने संबंधित स्थल पर जाकर मुआयना किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित विद्याभारती मध्य क्षेत्र स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। इस दौरान पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, गुलाब चंदेल, सुधीर देव , इंजी रवि पांडेय , एस डी एम चांपा नीर निधि नंदेहा एवं संस्था के प्रबंधकारिणी उपस्थित थे।

## देशी कट्टा व कारतूस रखे युवक को कार के साथ पकड़ा

**जांजगीर-नवागढ़।** रात्रि गश्त पर निकली पुलिस ग्राम मिसदा के पास रात्रि करीबन 3.30 बजे के आस पास गश्त के दौरान मिसदा मेन रोड किनारे एक संदिग्ध व्यक्ति बलेनो कार को खड़ा किया हुआ मिला। उसकी कार से पुलिस ने एक देशी कट्टा और माचिस के डिब्बा के अंदर एक जिंदा कारतूस मिला। पुलिस ने युवक को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया है। नवागढ़ पुलिस के अनुसार कार में एक आदमी बैठा था। पूछताछ पर युवक गुमराह करने की कोशिश करने लगा। जिस पर पुलिस का संदेह पर कड़ाई से पूछताछ की। जो अपना नाम गुलशन उर्फ दीपांशु वर्मा पिता नरेन्द्र वर्मा उम्र 26 वर्ष निवासी बाजार चौक सिलतरा थाना धरसीवा रायपुर का रहने वाला बताया। आगे पूछताछ पर उसने बताया कि रायपुर से थाना नवागढ़ क्षेत्र की अपनी प्रेमिका से मिलने आया था। पूर्व में आरोपी की प्रेमिका रायपुर सिलतरा में काम करती थी। उसी समय परिचय होना बताया जो अभी सिलतरा से काम छोड़कर वापस आ जाने पर उससे मिलने आया था। आरोपी बलेनो कार नीला सीजी 04 पीए 9622 में था। जिसका तलाशी लेने पर ड्रायवर सीट के पास एक स्नेकर का पैकेट खुला हुआ था। जिसे चेक करने पर उसके अंदर एक देशी कट्टा और माचिस के डिब्बे के अंदर एक जिंदा कारतूस मिला। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर 1 सितंबर को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़, एसआई रमेश एक्का, प्रआर. मथुरा प्रसाद केशी, जनक राम कश्यप, अनिल कुर्रे, बलराम यादव का योगदान रहा।

आरोपी ने देशी कट्टा और कारतूस रायपुर सिलतरा क्षेत्र से किसी बाहरी अज्ञात व्यक्ति से खरीदना बताया। आरोपी गुलशन ऊर्फ दीपांशु वर्मा के पास कट्टा और कारतूस रखने के संबंध में किसी वैध लाइसेंस नहीं मिला। आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी के पास से एक नग देशी कट्टा, 1 नग जिंदा कारतूस और बलेनो कार, एप्पल का मोबाइल जुमला लगभग 10 लाख रुपए को जब्त कर कब्जे में लिया गया।

## गंभीरता को कम करने में मदद करता है प्राथमिक चिकित्सा

**नवागढ़।** पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय नवागढ़ में शुक्रवार 30 अगस्त को आई. क्यू.ए.सी., आई. आई. सी. व यूथ रेडक्रास के तत्वाधान में रेड क्रास सोसायटी के द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ राजेश शर्मा प्राचार्य जेएलएन महाविद्यालय नवागढ़, वी के अग्रवाल संचालक जेएलएन कॉलेज नवागढ़ के द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्राथमिक सहायता एक तत्काल और आवश्यक चिकित्सा सहायता है, जो गंभीर आपात स्थितियों पं. जवाहरलाल नेहरु प्राथमिक सहायता महाविद्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित से लेकर जलने और कीड़े के डंक जैसी छोटी बीमारियों का सामना करने वाले व्यक्तियों को दी जाती है। यह चोट की गंभीरता को कम करने में मदद करता है और पेशेवर चिकित्सा सहायता आने से पहले किसी भी स्थायी नुकसान को रोकता है। इस विषय पर डॉ. रामेश्वर पन्कज द्वारा विद्यार्थियों को सांप काटने, चोट लगने, दुर्घटना होने से संबंधित प्राथमिक सहायता चरणबद्ध प्रशिक्षण दिए गए तथा कुछ क्रियाएं करवाई गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना होने पर व्यक्ति को किसी की मदद करने के लिए चार महत्वपूर्ण बातों को ध्यान देने की आवश्यकता है-पहला सीन, दूसरा सेफ्टी, तीसरा हेल्प कॉल एवं चौथा कंसल्ट। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र विजयवार एन एस एस प्रभारी ने किया। इस अवसर पर तेरस दिनकर आई क्यू ए सी प्रभारी, डॉ भावना सोहेल आई आई सी, जोहित कश्यप, दीपक चंद्रा, अखेन्द्र जांगड़े, सुश्री मालती बंजारे, सुश्री यशोदा शांते, ऑर्थो राठिया, शिवादास महंत, रुद्र कुमार माझी, प्रितेश, किरन, पूजा कुमारी, मनोज, सरिता सहित अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## गड्ढे के कारण गिरा युवक, गंभीर

**जांजगीर।** सक्ती बाराद्वार के बीच हाइवे 49 में सुआ डेरा पुल के पास बाइक सवार युवक हाइवे में बने गड्ढे के कारण सड़क हादसे का शिकार हुआ है। रविवार को खरसिया राजघटा निवासी युवक चन्द्र प्रकाश पटेल बाइक पर सवार होकर दोपहर हाइवे 49 से होते हुए बाराद्वार की ओर जाने के लिए निकाल था। युवक चन्द्र प्रकाश सक्ती और बाराद्वार के पास सुआडेरा के पास पहुंचा था कि उसके बाइक का सामने का पहिया सुआ डेरा के पास एक गड्ढे में पड़ा तो गिरकर घायल हो गया।

## डीजे लगाकर वाहन चलाना गैर कानूनी गाड़ी को जब्त कर राजसात किया जाएगा

**सक्ती।** डीजे संचालकों और लोगों के लिए डीजे बचाने के लिए पुलिस ने गाइडलाइन जारी की है। एसपी ने विज्ञप्ति के जरिए कहा कि डीजे लगाकर वाहन चलाया जाना मोटर व्हीकल एक्ट के तहत दंडनीय अपराध है। ऐसा करने पर डीजे संचालक और डीजे वाहन जब्तकर राजसात की कार्यवाही की की जाएगी।

डीजे संचालक किसी भी संस्था और व्यक्ति को डीजे उपलब्ध कराने के पहले अधिकृत प्राधिकारी (कार्यपालिक दंडाधिकारी/तहसीलदार) से अनुमति जरूर लें। डीजे की ध्वनि स्तर डेसीबल की सीमा में ही रहे। अत्यधिक तेज आवाज में डीजे का उपयोग ना करें। उच्च न्यायालय के निर्देशों का डीजे संचालकों को पालन करना अनिवार्य है। यदि कोई डीजे संचालक नियमों और निर्देशों का उल्लंघन करता है तो विधिवत कार्यवाही कर प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जाएगा। दोष सिद्ध होने के बाद यदि पुन: अपराध होता है तो ऐसी स्थिति में डीजे और वाहन को राजसात कर लिया जाएगा।

## चौरा मंदिर परिसर में पौधरोपण

**मुलमुला।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत माता चौरा मंदिर परिसर में पौधरोपण किया गया। सेवानिवृत जिला स्वास्थ्य अधिकारी जे सिंह के नेतृत्व में पौधा रोपड़ किया गया। जे सिंह द्वारा अनवरत रूप से पौधा रोपड़ किया जाता है। वे अपने नर्सरी में पौधा तैयार करते हैं और इस जिला के कई स्थानों में पौधा रोपण किया करते हैं।

## स्कूल के विद्यार्थियों ने किया नाटक का प्रदर्शन

**बिर्रा।** टैलेंट तिहार प्रतिभा को पंख के तहत कार्यक्रम में शासकीय डीडी एस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा के बालक ने नाटक प्रसंग में अपना प्रदर्शन किया। इसमें सभी बालक को सांत्वना पुरस्कार और शील्ड से सम्मानित किया गया। जिलास्तर में प्रसंग नाटक जांजगीर चांपा के आडिटोरियम सभाकक्ष में आयोजित किया गया था। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी प्रेमलता साहू, खेल प्रभारी मुकुंद कृष्ण पांडेय के सान्निध्य में शासकीय डीडी एस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा के कक्षा 11 के छात्र आदित्य सिंह मरकाम, रामरतन चंद्रा, आशिष कुरै, अश्विनी पटेल, दिपेश पटेल, जागेश्वर पटेल, मृत्युंजय मेहरा, तूफान कुरै ने भाग लिया। प्रस्तुत नाटक प्रसंग को सभी ने सराहा। इनके प्रदर्शन से चयनित छात्रों को सांत्वना पुरस्कार और शील्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर व्याख्याता उमाशंकर मरकाम, राकेश साहू, देवनारायण चौहान, लक्ष्मी रात्रे, प्रेमलता साहू, अनिता टोप्पो, सरस्वती कुभ्भकार, संगीता कश्यप, सुशील कुमार नेताम, एसए कंवर, सुरेश कुमार, सतीश मैत्री, अंजू सारथी शिक्षक-शिक्षिका स्टाफ उपस्थित थे।

## अग्रसेन जयंती समारोह के लिए भगवती को दिया गया आमंत्रण

**सक्ती।** शहर में अग्रवाल समाज द्वारा 3 अक्टूबर को होने वाले श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के लिए विशिष्ट तिथि के रूप में कोरबा की समाज सेविका भगवती अग्रवाल को आमंत्रित किया गया है। भगवती अग्रवाल को 1 सितंबर को अग्रसेन जयंती समारोह समिति सक्ती के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल राजू, सचिव मनीष कथूरिया व कोषाध्यक्ष मुकेश बंसल में उनके निवास पर जाकर उन्हें आमंत्रण दिया। भगवती अग्रवाल ने अपने आने की स्वीकृति प्रदान की।

## सर्पदंश से बच्चे की मौत

**जांजगीर।** जिस मासूम की किलकारी घर आंगन में गूंजा करती थी और जिसकी शरारतों से घर में रौनक हुआ करती थी, एक विषधर के काटने से मंगलवार को उसकी सांसे थम गईं। परिवार को यकीन ही नहीं हो पा रहा था कि कल तक हुड़दंग मचाने वाला उनका लाल एकदम से शांत कैसे हो गया। डॉक्टर को दिखाया, वैद्य की तलाश की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

बच्चे को सांप काटने की जानकारी परिजनों को नहीं थी। बाद में पता चला, तब तक देर हो चुका था। पामगढ़ थाना के गांव कोसीर निवासी महिला रभा भानू पति के मृत्यु के बाद अपने मायके में रह रही थी। उसका एकमात्र सहारा 4 साल का पुत्र सोहन भानू ही था। बुधवार की रात खाना खाने के बाद सभी सो गए थे। देर रात तक महिला को कुछ अहसास हुआ। उठने के बाद सांप को देखा, इसकी जानकारी परिजनों को दी। परिजन उठे तो देखे कि यह तो जहरीला सांप है। इसके बाद परिजन तत्काल सांप को मारकर जला दिए। फिर सब सो गए।

सुबह मासूम बच्चे सोहन उठा, फिर चाय भी मांगा। इसके बाद अचानक तबियत खराब होने लगी। तब तक सोहन को सांप काटने की जानकारी उसकी मां सहित किसी को नहीं थी। उसको तत्काल सीएचसी पामगढ़ ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने सांप काटने की बात बताई। इसी दौरान उसकी सांसे थम गई। इसकी जानकारी परिजनों ने उसकी मां को नहीं दी थी। बाद में मां को जानकारी होने पर बच्चे से लिपटकर रो-रोकर बुरा हाल हो रही थी। भगवान ने पति के बाद एकमात्र जिसके सहारे जी रही थी, उसको भी छीन लिया। इस दौरान कई बार वह बेहोश भी हो जा रही थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुट गई।

## रक्तदान शिविर . लोगों ने ब्लड शुगर, बीपी और हीमोग्लोबिन की जांच कराई

**अकलतरा।** नगर की समाज सेवी संस्था यूथ इंडिया क्लब हैप्पी वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में सरस्वती शिशु मंदिर में रक्तदान और यातायात जागरूकता शिविर का आयोजर्न कया गया। कार्यक्रम में बिहारी लाल ताम्रकार ने कहा कि रक्त का निर्माण मानव शरीर में होता है। रक्त का और कोई भी विकल्प नहीं है। नगर में लगातार रक्तदान करने के लिए लोगों को जागरूक करने के साथ लगातार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ओमप्रकाश साहू ने कहा कि रक्तदान करके हम दूसरों की जिंदगी बचा के महान पुण्य का संचय कर सकते हैं। रक्तदान करने के साथ हमें रक्तदान करने के लिए अन्य लोगों को भी प्रेरित करना चाहिए। रजनी साहू ने कहा कि रक्तदान के प्रति लोगों में तय कई तरह की भ्रांतियां हैं, जबकि रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित होता है।

## हल्की बारिश की संभावना:गर्मी और उमस से लोग परेशान, 34 डिग्री पहुंचा तापमान, खेतों में लहलहा रही धान की फसलें





**बिलासपुर।** बिलासपुर में सोमवार की सुबह आसमान पर उमड़ते घुमड़ते बादलों ने मौसम सुहाना कर दिया। इसका लुत्फ उठाने के लिए कंपनी गार्डन, रिवर व्यू रोड, लिंक रोड और सबसे बड़े पुलिस ग्राउंड पर युवाओं की भीड़ खेलकूद में मस्त नजर आई। बारिश नहीं होने के कारण तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। लोग गर्मी और उमस से परेशान हैं।

रायपुर स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी हरिप्रकाश चंद्रा ने बताया कि मानसून अब विदाई की ओर है, इसलिए सिस्टम धीरे धीरे कमजोर हो रहा है। कहीं कहीं बादल छाए रहेंगे। हल्की बारिश भी होने की संभावना है।

**उत्तर छत्तीसगढ़ में बारिश अधिक**

मौसम विज्ञानी ने बताया कि चक्रवात भारतीय क्षेत्र के बाहर चला गया है, इसलिए सिस्टम कमजोर होते जा रहा है। उन्होंने बताया कि मानसून द्रोणिका परसों से आएगा, जिससे उत्तर छत्तीसगढ़ में बारिश अधिक और दक्षिण छत्तीसगढ़ में कम होगी।

**जिले में इस बार धान की भरपूर पैदावार**

पाराघाट के किसान संतोष दुबे की मानें तो हालिया बारिश से धान के खेतों को अभी हफ्ते भर पानी की जरूरत नहीं है। 90 दिन में होने वाली अर्ली वेरायटी के धान में गोलाई(गांठ पड़ने और दाने आने) आने लगी है, लेकिन 130 दिन में होने वाले धान में अभी देरी है। उन्होंने कहा कि अब तक की स्थिति बहुत अच्छी है और आगे भी सब कुछ ठीक ठाक रहा तो जिले में इस बार धान की भरपूर पैदावार होने की संभावना है।

**न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड**

बहतराई स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक सोमवार को बिलासपुर शहर का न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। 1 जून से अब तक बिलासपुर शहर में 922 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है।

**जिले में अब तक 33 इंच बारिश हो चुकी**

अधीक्षक भू अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 1 जून से आज दिनांक तक 850.02 मिमी यानी 33 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है। सितंबर में रिकार्ड 493 मिमी बारिश हो चुकी है। यह सामान्य से केवल एक फीसदी कम है। जिले में पिछले 10 वर्षों की औसत वर्षा 873.9 मिमी रिकार्ड की गई थी।



## कलेक्टर छिकरा ने विकास कार्यों का जायजा लिया

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने शनिवार को नवागढ़ एवं बम्हनीडीह विकासखंड की ग्राम पंचायत सुकली, ग्राम पंचायत लखुर्री के हाई स्कूल, मिडिल स्कूल एवं प्राथमिक स्कूल का निरीक्षण किया। इसके अलावा नगर पालिका चांपा के अंतर्गत हनुमान धारा, आत्मानंद स्कूल, भालेराव परिसर का भी भ्रमण किया।

इस दौरान उन्होंने सुकली के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट जांजगीर के तहत चलाई जा रही गतिविधियों से अवगत कराया और कहा कि विद्यार्थी पढ़ाई की अच्छे से तैयारी करे यह परीक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस दौरान उन्होंने सुकली में हाईस्कूल में चल रहे हिंदी और गणित के मासिक टेस्टका अवलोकन किया और विद्यार्थी को अपने समय को सही से प्रबंधित करते हुए अध्ययन के लिए एक समय सारणी बनाकर उसका पालन करने कहा। इसके अलावा एन एम एम एस ई के तहत प्री टेस्ट की तैयारी का जायजा लिया और बच्चो को आवश्यक जानकारी से अवगत कराया। प्राथमिक स्कूल में एफ एल एन बुनियादी शिक्षा की जानकारी ली। इस दौरान शिक्षकों से विद्यार्थियों को सिलेबस के अनुसार तैयारी करने और टाइम टेबल का चार्ट बनाकर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत लखुरी में पी एम श्री स्कूल पहुंचकर प्री टेस्ट की तैयारी के बारे में बच्चों से चर्चा की। इसके उपरांत उन्होंने हनुमान धारा पर्यटन स्थल का निरीक्षण करते हुए प्रभारी मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशानुसार योजना तैयार करने कहा। जीवनलाल साव सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया और हर ब्लॉक में बनाई जाने वाली लाइब्रेरी बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके अलावा भालेराव परिसर एवं मैदान का अवलोकन करते हुए खेल से संबंधित जानकारी लेते हुए बैडमिंटन कोट बनाने कहा। इसके साथ ही आत्मानंद स्कूल में बास्केटबाल कोट बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान एस डी एम चांपा नीरनिधि नंदेहा, बीईओ नवागढ़ सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## शिक्षा विभाग के खेल आयोजन पर पुरानी टोपी का वितरण

**जांजगीर-चांपा।** 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा खेल के नाम पर बड़ा खेल करने की योजना बनाई है। हद तो तब हो जा रही है जब अधिकारियों ने टोली के लिए भी जो पैसा आई है उसकी बचत करते हुए तीन साल पुरानी टोपी को खिलाड़ियों व खेल शिक्षकों को बांट दिया। जो टोपी बांटी गई है वह भी चंदे की है। जो पीआईएल द्वारा प्रदत्त की गई है। जो जिले के में चर्चा का विषय बना रहा। दरअसल, इन दिनों खेल स्पर्धा का आयोजन चल रहा है। इसके लिए सरकार की ओर से बड़ी राशि खर्च की जाती है। बावजूद सरकार की राशि में शिक्षा अधिकारी डंडी मारना चाहते हैं। यही वजह है कि खिलाड़ियों को कई तरह की परेशानियों से जूझना पड़ता है। कुछ इसी तरह की अव्यवस्था रविवार को खेल स्पर्धा में देखने को मिली। जहां खिलाड़ियों के लिए मैदान में पीने के पानी तक की सुविधा नहीं थी। वहीं अधिकारियों ने तीन साल पुरानी टोपी को बांटकर अपनी की किरकिरी करा लिए। हद तो तब हो गई जब पुरानी टोपी में नया स्टीकर लगाकर बांट दिया। कई टोपियों का स्टीकर भी उखड़ गया था। जिसमें वर्ष 2021 में जब खेल स्पर्धा हुई थी उसकी डिटेल टोपी में छपी थी।

बताया जा रहा है कि खेल प्रतियोगिता के लिए सरकार एक ओर करोड़ों रुपए का फंड दे रही है तो वहीं दूसरी ओर खेल अधिकारी व जिला शिक्षा अधिकारी इतने पैसों को आखिर कहां खर्च कर रहे हैं। एक ओर चंदे के पैसे से टोपी की व्यवस्था की गई तो वहीं खिलाड़ियों को पीने का पानी तक नसीब नहीं हुआ। । वहीं दूसरी ओर शनिवार की रात से ही खिलाड़ी अव्यवस्था का शिकार थे। जब उन्हें रात को जब ट्रेन से उतरे तो खिलाड़ियों को बस भी नसीब नहीं हुआ।

## नाबालिग से छेड़खानी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया है। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम पोड़ीभांठा की है। पुलिस के मुताबिक 31 अगस्त की सुबह नाबालिग लड़की स्कूल जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में मेन रोड पर द्वारा आरोपी अरमान खान पहले से बैठा था। तभी आरोपी रास्ता रोकर अश्लील गाली गलौज देते हुए मारपीट करने लगा। इतना ही नहीं लड़की की बेज्जती करने के नीयत से छेड़छाड़ करने लगा। लड़की ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को बताई। इसके बाद परिजनों ने मामले की रिपोर्ट अकलतरा थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना अकलतरा में धारा 126,2 296, 115-2, 76 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया। मामले के गंभीरता को देखते हुए एसपी विवेक शुक्ला के निर्देशन में आरोपी अरमान खान उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 2 पोड़ीभाठा अकलतरा को हिरासत में लेकर घटना के संबध में पूछताछ की तो आरोपी युवक ने अपना जुर्म स्वीकार की। इसके बाद पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार कर 1 सितंबर को न्यायिक रिमांड में भेज दिया है। उक्त कार्रवाई में अकलतरा टीआई निरीक्षक मणीकांत पाण्डेय उप निरी. बीएल कोसरिया, सउनि राजेंद्र क्षत्रिय, सियाराम यादव, प्रआ. अनिता पाटले, गोपाल सिदार, राकेश राठौर, निसार पर्वेज, आर. शेषनारायण साहू का योगदान रहा।



## रेत माफियाओं पर पुलिस ने कसा शिकंजा

**सक्ती।** ग्राम करही (महानदी) रेत घाट के पास एक जेसीबी मशीन को खनिज विभाग के टीम ने जब्त कर लिया है। ग्राम करही की महानदी स्थित रेत घाट से रेत खनन का कार्य करने इसे लाया गया था। इसी तारतम्य में विगत सप्ताह करही रेत घाट से 9 वाहनों की जब्ती बनाई गई। इसमें 7 ट्रैक्टर और 2 ट्रेलर शामिल थे। सभी वाहनों में रेत का परिवहन अवैध रूप से करने के कारण जब्ती की कार्रवाई कर हसौद थाना को सौंप दिया है। कलेक्टर तोपनो के निर्देशानुसार कार्रवाई निरंतर जारी है।

## अनमोल वचन......

**कर्मों के तराज़ू पर खुद को तोलने वाला हर मानव सफलता के सिंहासन पर आसीन होता है।**

## भाजपा के अंदर असंतोष उबाल

मोदी-शाह की जोड़ी बाहरी नेताओं से भाजपा को भरती चली गई है। इसको लेकर पहले भी भाजपा के अंदर असंतोष उबलता होगा। मगर मोदी-शाह को किसी ने कदम वापस पर लेने पर मजबूर किया हो, इसकी मिसाल कम ही होगी।

नरेंद्र मोदी- अमित शाह के दौर में यह भारतीय जनता पार्टी के लिए नया अनुभव है। पहले कई नीतिगत मामलों में केंद्र को अपने निर्णय एवं इरादे से पीछे हटना पड़ा और अब ऐसा पार्टी के अंदर होना शुरू हो गया है। इस पूरे संदर्भ को ध्यान में रखें, तो जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवारों की जारी पहली लिस्ट का वापस लिया जाना महत्त्वपूर्ण घटना बन जाता है। यहां प्रत्याशी सूची में कोई इक्का-दुक्का परिवर्तन नहीं हुआ। ना ही ऐसा नेतृत्व ने अपने आकलन के आधार पर ये कदम उठाया। 44 सदस्यों की जारी लिस्ट को कुछ देर में ही इसलिए वापस लेना पड़ा, क्योंकि जम्मू इलाके के भाजपा नेताओं/ कार्यकर्ताओं में उसको लेकर गुस्सा फूट पड़ा। प्रमुख शिकायत यह थी कि पार्टी में जीवन खपा देने वाले नेताओं की उपेक्षा करते हुए कुछ समय पहले ही दूसरे दलों से आए नेताओं को प्रत्याशी बनाया गया है। लेकिन मोदी-शाह के युग में इस तरह टिकट देना कोई नई बात नहीं है। चुनाव जीतने की क्षमता को प्रमुख प्राथमिकता बना कर यह जोड़ी विभिन्न राज्यों में बाहरी नेताओं से भाजपा को भरती चली गई है। स्पष्टतः इसको लेकर भाजपा के अंदर असंतोष उबाल लेता होगा। मगर मोदी-शाह को पार्टी के किसी खेमे ने कदम वापस पर लेने पर मजबूर किया हो, इसकी मिसाल कम ही होगी। इस दौर की आम समझ यह रही है कि गुजरात से उभरते हुए इन दोनों नेताओं ने पहले भाजपा, और फिर देश की राज्य-व्यवस्था पर अपना वर्चस्व बना लिया। संभवतः इसमें वे इसलिए कामयाब रहे, क्योंकि उनकी पीठ पर अति प्रभावशाली हितों ने दांव लगा रखा है। लेकिन 2024 के आम चुनाव में लगे झटकों के बाद समीकरण बदलने के संकेत हैं। जिस तरह पार्टी ने सांसद कंगना राणावत के किसान विरोधी बयानों से किनारा किया है, वह भी एक नई प्रवृत्ति का संकेत है। यह सारा घटनाक्रम भारत के राजनीतिक परिदृश्य में युग परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू होने का संकेत देता है। इससे फिर पुष्टि हो रही है कि लोकतंत्र में जो वोट खींचने में जितना सक्षम हो, उसी अनुपात में उसका सिक्का चलता है।

## राशिफल

**मेष राशि-** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी-सी मेहनत करके उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के लिहाज़ से आज का दिन बेहतर है। आज अपने आसपास के लोगों के इरादे आसानी से समझ जाएंगे। आज बड़े पदों पर बैठे लोगों से कॉन्टैक्ट हो सकता है। आप अपने काम में सामाजिक संपर्कों का फायदा उठाने में सफल हो सकते हैं।

**वृष राशि-** आज आपका ध्यान अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। घर में धार्मिक समारोह का आयोजन कर सकते हैं। इससे घर में सुख-सौभाग्य बना रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र का वातावरण अनुकूल बना रहेगा। सभी काम बिना किसी रुकावट के पूरे हो जाएंगे। परिवार के सदस्यों के साथ रिश्ते बेहतर होंगे। जीवनसाथी का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। ऑफिस के काम में आपको बॉस से वाहवाही मिलेगी।

**मिथुन राशि-** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। सार्वजनिक एवं प्रोफेशनल कार्यों में अनुकूल संयोग मिल सकते हैं। कोई समस्याओं को दूर करने के लिए परिवार के सदस्यों के साथ बैठकर उसका निवारण कर सकेंगे। हर काम समय पर पूर्ण होने से आनंद का अनुभव होगा। धन की कमी दूर होने से आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। अधिक धन संपत्ति प्राप्त करेंगे। जो मल्टीनेशनल कंपनी में जुड़े हैं ऐसे जातकों के लिए आज का दिन प्रगतिकारक दिखाई दे रहा है।

**कर्क राशि-** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। किसी काम में रुकावटें आ सकती हैं, लेकिन अधिकारियों की मदद से काम निपटा लेंगे। जोश में आकर कोई ऐसा काम न करें, जिससे आप परेशान हो जाएं। आपको थोड़ा सावधान रहना चाहिए। आज जल्दबाजी में आकर कोई ऐसा वादा कर सकते हैं, जिसे पूरा करने में आपको कठिनाई महसूस हो सकती है। आज आपके खर्चे बढ़ने की संभावना है। आज आपको अचानक धन लाभ होगा। आपके कई योजनाएं समय से पूरे हो जाएंगे। आपके परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा।

**सिंह राशि-** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आज किसी काम से आपको बड़ा फायदा हो सकता है। कुछ निजी कामों में भाई का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। इस राशि के विवाहित आज किसी अच्छी जगह पर पिकनिक के लिए जा सकते हैं। जीवनसाथी से आपको कोई खूबसूरत तोहफा मिल सकता है। आज उन लोगों से बातचीत करने के लिए अच्छा दिन है, जिनसे आपकी मुलाकात कभी-कभी ही होती है। कार्यक्षेत्र में आपको अच्छी-खासी सफलता मिलेगी। अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल कर लेंगे। जीवनसाथी के मन की इच्छा पूरी करने की कोशिश करेंगे।

**कन्या राशि-** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। अचानक से धन लाभ हो सकता है। आज शाम तक किसी समारोह में शामिल होंगे। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन यादगार रहेगा। किसी जरूरी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है। कोई दोस्त आज आपसे कॉन्टैक्ट कर सकता है। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आप पूरे लग्न से काम करेंगे। आज के दिन गाय को गुड़ खिलाएं, जीवन में दूसरों का सहयोग मिलता रहेगा।

**तुला राशि-** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज किसी पर गुस्सा करने से बचें। अन्यथा आप परेशानी में पड़ सकते हैं। इस राशि के भाई-बहनों के संबंधों में मजबूती आयेगी। दूसरों के साथ जुड़कर काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आज किस्मत का साथ मिलने में थोड़ी परेशानी आ सकती है। जरूरत से ज्यादा भावुक होना आपके लिए परेशानी का कारण बन सकता है। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों से सम्मान मिल सकता है।

**वृश्चिक राशि-** आज आपका दिन काफी अच्छा रहेगा। घरेलू समस्याओं को सुलझाने में सफल रह सकते हैं। आज जीवनसाथी का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। इस राशि के छात्रों को आज किसी पसंदीदा कंपनी में इंटरव्यू के लिए बुलाया जा सकता है। आज ऑफिस में कुछ नया काम कर सकते हैं। रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। इस राशि के भाई अपने बहनों को कोई ड्रेस गिफ्ट कर सकते हैं। आज दोस्तों की मदद से धन लाभ हो सकता है।

**धनु राशि-** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आर्थिक पक्ष पहले से बेहतर बना रहेगा। इस राशि के छात्रों का आज पढ़ाई में मन लगेगा। कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न आज सॉल्व हो जाएंगे। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर भी सामने आएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको सुख प्राप्त होगा। आज किसी खास काम के परिणाम आपके पक्ष में रहेंगे। आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आर्थिक मामलों में आपको लाभ मिलेगा।

**मकर राशि-** आज आपका दिन खास रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। आज कोई बड़ी सफलता मिल सकती है। आज लोग आपकी बात से सहमत हो सकते हैं। पुराने दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। परिवार से जुड़ी कोई अच्छी खबर आपको मिल सकती है। आपकी सोच में नयापन आ सकता है। आपका ध्यान नियमित कामकाज को निपटाने पर ज्यादा रहेगा। आज आप अच्छे मूड में रहेंगे।

**कुंभ राशि-** आज खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज के दिन करियर में नया बदलाव होगा। सेहत बेहतर बनी रहेगी। कुछ नये वर्कआउट को नियमित एक्सरसाइज में शामिल करेंगे। इस राशि के भाई अपने बहनों को कुछ अच्छा गिफ्ट करेंगे। आज जो काम करने की सोचेंगे, उसे पूरा कर लेंगे। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन समान्य रहेगा।

**मीन राशि-** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज किसी कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। इस राशि के भाई-बहन मंदिर में भगवान के दर्शन करने जा सकते हैं। आज पैसों के लेन-देन से दूर रहें। सोच-समझकर और योजना बनाकर ही आगे बढ़ें। आज कुछ खर्चे फालतू हो सकते हैं।

# कश्मीर का अगला मुख्यमंत्री कौन

//अजय दीक्षित//

**कश्मीर फिलहाल केन्द्र शासित प्रदेश है । देश में इस समय आठ केन्द्र शासित प्रदेश हैं -दिल्ली, चण्डीगढ़, लक्षद्वीप, अण्डमान निकोबार, पांडिचेरी, कश्मीर- जम्मू, लद्दाख और दमन दीप । पहले दमन दीप और दो फ्रेंच कॉलानी अलग-अलग थीं । अब उन्हें मिलाकर एक ही केन्द्र शासित प्रदेश बना दिया गया है । फिलहाल इन आठ केन्द्र शासित प्रदेशों में दिल्ली और पांडिचेरी में विधानसभाएं हैं । परन्तु वह उपराज्यपाल को ही सारे अधिकार निहित हैं । दिल्ली की खबरें तो रोज अखबारों की सुर्खियां बनती हैं ।**

जब किरण बेदी पांडिचेरी में उपराज्यपाल थीं तो पांडिचेरी की खबरें भी खूब आती थीं । वहां किरण बेदी समानांतर सरकार चला रही थीं । हार कर केन्द्र को किरण बेदी को हटाना पड़ा । आजकल वे एक तरह से राजनीति से सन्यास लिए हुए हैं । दिल्ली में अरविन्द केजरीवाल और उपराज्यपाल के बीच विवाद चलता रहता है । दिल्ली सरकार के अफसरों पर मुख्यमंत्री का कंट्रोल नहीं है, उपराज्यपाल का है । जब सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को यह अधिकार दिया तो केन्द्र सरकार तत्काल अध्यादेश लाकर यह अधिकार उपराज्यपाल को सौंप दिया । एक तरह से केन्द्र का गृह मंत्रालय ही दिल्ली सरकार है । लोग पूछते हैं कि यदि दिल्ली में सरकार उपराज्यपाल है तो शराब नीति को कैसे लागू किया गया जिसमें कमीशन खोरी के आरोप में केजरीवाल जेल में हैं ।

5 अगस्त 2019 को प्रधानमंत्री ने 10.30 अपने निवास पर केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई और उसमें कश्मीर में धारा 370 व 35 ए को समाप्त करना तय किया गया । किसी भी मंत्री को प्रेस से बात करने के लिए मना कर दिया गया । सीधे उन्हें संसद भवन में ले जाया गया और बहुमत से यह प्रस्ताव पारित हो गया ।

पिछले पांच साल से वहां उपराज्यपाल का शासन है । कश्मीर अभी भी फौज के सहारे चल रहा है । प्रतिदिन पाकिस्तानी घुसपैठिए कश्मीर में उपद्रव करते रहते हैं ।

भारतीय जनता पार्टी अभी कश्मीर में चुनाव के पक्ष में नहीं थी । अभी भाजपा की अपनी स्थिति कश्मीर में मजबूत नहीं है । परन्तु सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि 30 सितम्बर तक कश्मीर में चुनाव करा दिये जायें तो अब वहां चुनाव आयोग ने चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है । भाजपा नेशनल कान्फ्रेंस के खिलाफ है । उनके घोषणा पत्र के बहुत से मुद्दों पर गृह मंत्रालय को ऐतराज है । कांग्रेस और नेशनल कान्फ्रेंस के गठजोड़ पर भी अमित शाह सवाल उठा रहे हैं । परन्तु विपक्ष कहता है कि जब फारूक अब्दुल्ला कश्मीर के मुख्यमंत्री थे तो उनके पुत्र उमर अब्दुल्ला अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में विदेश राज्य मंत्री थे । विदेश मंत्रालय बहुत अहम मंत्रालय होता है । यूं भाजपा मेहबूबा मुफ्ती के साथ मिलकर कश्मीर में सरकार बना चुकी है । वह दो बार भाजपा का उपमुख्यमंत्री रहा है । पहली बार मुफ्ती मोहम्मद सईद की सरकार में और फिर मुफ्ती की बेटी मेहबूबा मुफ्ती की सरकार में ।

परन्तु भाजपा अपने दम पर वहां सरकार नहीं बना सकती । गुलाम नबी आजाद को लुभाने की बहुत कोशिश भाजपा ने की भी । राज्यसभा से उनके रिटायरमेंट के समय प्रधानमंत्री मोदी ने उनकी तारीफ के पुल बांध दिये थे । कहा कि गुलाम नबी आजाद रो रहे थे जब गुजरात के कुछ पर्यटकों को आतंकवादियों ने भून दिया था । तब नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे । गुलाम नबी आजाद को पद्म पुरस्कार से भी नवाजा गया । 10 साल पहले हुए चुनाव में भाजपा ने 25 सीटें जीती थीं । इस बार क्या होता है, देखना है । वैसे कश्मीर में भाजपा का कोई बड़ा जनाधार नहीं हैं । केवल जम्मू में सीटें जीत सकती हैं । लोग यह भी प्रश्न उठा रहे हैं कि लद्दाख में चुनाव क्यों नहीं हो रहे हैं। अभी कश्मीर में लेफ्टिनेंट गवर्नर को और ज्यादा पावर दे दी गई है । तो वहां सरकार का हाल क्या दिल्ली जैसा होना है । देखें आगे क्या होता है। अच्छा ही होना चाहिए । यही देश हित में है ।

### भाजपा का लखपति दीदी प्रोगाम

विपक्ष की जातिगत जनगणना के उत्तर में प्रधानमंत्री मोदी देश में चार जातियां मानते हैं । उन्होंने अंग्रेजी के ज्ञान से चार जातियां बतलाईं हैं । त्र गरीब से गरीब, से युवा, से कृषिक और ह्र से नारी । मोदी जी का फोकस इन चारों पर हैं । आजकल बीजेपी के मुख्यमंत्री मोदी जी के नारी सशक्तिकरण का राष्ट्रव्यापी अभियान चला रहे हैं । मध्य प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में कई सशक्तिकरण कार्यक्रम चला रक्खे हैं । आज मध्य प्रदेश में नारी कल्याण को लेकर कई योजनाएं संचालित हैं । तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जमाने से प्रत्येक महिला को हर महीने 1250 रुपये मिलते हैं । इस बार रक्षाबंधन के 250 जोड़कर 1500 रुपये हर महिला के खाते में आये हैं । अब प्रयत्न है कि राज्यसभा और लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़े । इसके साथ ही स्थानीय निकायों में भी उनके प्रतिनिधित्व को बढ़ाया जा रहा है । अभी असल में स्थानीय निकायों में महिला प्रतिनिधि के स्थान पर उसके ससुर, पिता या पति ही मीटिंगों में भाग लेते हैं । इसे रोका जा रहा है । डॉ. मोहन यादव ने कलेक्टरों को आदेश दिया है कि इस प्रथा पर तत्काल रोक लगाई जाये । महिला प्रतिनिधियों को ट्रेनिंग भी दी जा रही है । इस बार अनेक स्थानों में डॉ. मोहन यादव ने जाकर महिलाओं से राखी बंधवाई । महिलाओं के बीच उनके भाई डॉ. मोहन यादव बहुत लोकप्रिय हैं । अब देश में उद्योगों में भी महिलाओं को प्राथमिकता दी जा रही है । रीजनल इण्डस्ट्रियल कान्क्लेव कई जगह आयोजित किये जा रहे हैं । जिसमें महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी । टेक्सटाइल सहित कई तरह के उद्योगों में महिलाओं को प्राथमिकतादी जायेगी । औद्योगिक इकाईयां महिलाओं के नाम से होगी । की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी । टेक्सटाइल सहित कई तरह के उद्योगों में महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी । औद्योगिक इकाईयां महिलाओं के नाम से होगी ।

25 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी जी ने महाराष्ट्र और राजस्थान का दौरा किया और वहां महिलाओं को लखपति दीदी का दर्जा दिया । जलगांव में ग्यारह लाख नई लखपति दीदियों को सम्मानित किया । यह मुकाम उन्होंने अपने तीसरे कार्यकाल में प्रदान किया है । मोदी जी ने 2500 करोड़ का एक कोष बनाया है जिसमें करीब 48 लाख सदस्यों वाले चार-पांच लाख स्वयं सहायता समूह कार्यरत होंगे । प्रधानमंत्री ने महिलाओं को उद्योग लगाने के लिए पांच हजार करोड़ रुपये के बैंक लोन भी वितरित किये । इससे करीब ढाई लाख स्वयं सहायता समूह कार्य करेंगे जिनका नेतृत्व महिलाएं करेंगी । अब तक लखपति दीदी कार्यक्रम से एक करोड़ महिलाएं लाभान्वित हो चुकी हैं । यह उम्मीद है कि हर एक स्वयं सहायता समूह प्रति वर्ष एक लाख का लाभ कमा सकेगा । असल में देश में आदि आबादी महिलाओं की है । अभी तक वे केवल चौका चूल्हा में व्यस्त रहती थीं । वहां भी उनके लाभ के लिए मुफ्त गैस सलेण्डर दिये गये ताकि लकड़ी से ख़ाना बनाने से जो धुआं निकलता है, उससे उनके स्वास्थ्य में हानि न हो ।

# युक्तियुक्तकरण याने स्कूल बंदी, छंटनी और शिक्षा का भगवाकरण : लड़ाई संविधान को बचाने की

//संजय पराते//

**छत्तीसगढ़ में स्कूली शिक्षा की बदहाली का अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि प्रदेश में 3000 से ज्यादा स्कूलों में प्राचार्य नहीं है और शिक्षकों के 8194 पद, सहायक शिक्षकों के 22000 से अधिक और व्याख्याताओं के 2524 पद रिक्त हैं। सरकार द्वारा संचालित 56333 स्कूलों में से 300 से अधिक स्कूल शिक्षकविहीन है, जबकि 5500 स्कूलों में एक ही शिक्षक है और 3978 प्राइमरी, मिडिल, हाई और हायर सेकंडरी स्कूल एक ही परिसर में संचालित हो रहे हैं।**

संविधान सरकार को निर्देशित करता है कि स्कूली उम्र के हर बच्चे के लिए उसके रहवास वाले इलाके में शिक्षा का प्रबंध करो। यदि इस निर्देश का पालन करना है, तो नए स्कूल भवनों का निर्माण करना और शिक्षकों के खाली पदों को भरना किसी भी सरकार की प्राथमिकता में होना चाहिए। लेकिन ऐसी प्राथमिकता भाजपा सरकार के एजेंडे में कैसे हो सकती है। यहां तो जो 10-15 हजार शिक्षक हर साल सेवा निवृत्त हो रहे हैं, इन पदों को पूरी खामोशी से खत्म किया जा रहा है।नए स्कूल भवन बनाने, पुरानों का जीर्णोद्धार करने और शिक्षकों की भर्ती करने के बजाय भाजपा सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण के नाम पर स्कूलों को बंद करने और शिक्षकों का तबादला करने का अभियान चलाया जा रहा है। युक्तियुक्तकरण भाजपा का प्रिय काम है, जो स्कूली शिक्षा की वास्तविक चुनौतियों से आंख मूंदना चाहती है। भाजपा सरकार की इस मुहिम का प्रदेश के सभी शिक्षक संगठनों और मध्यान्ह भोजन मजदूर एकता यूनियन (सीटू) ने कड़ा विरोध किया है।पिछली भाजपा राज में भी युक्तियुक्तकरण के नाम पर 2000 से भी ज्यादा स्कूल बंद कर दिए गए थे। लगभग सभी ग्रामीण क्षेत्रों में थे और इसका शिकार वे हजारों ग्रामीण बच्चे हुए, जो दूसरे स्कूलों की गांव से ज्यादा दूरी होने के कारण और छात्राएं लैंगिक भेदभाव के कारण, शिक्षा क्षेत्र से बाहर हो गए। अब भाजपा के नए सायं-सायं राज में और 4077 स्कूल बंद किए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि इन स्कूलों में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या 10 से कम है। इस प्रकार 35000 से ज्यादा बच्चे स्कूली शिक्षा से बाहर किए जा रहे हैं। कहने की जरूरत नहीं है कि लगभग सभी बच्चे ग्रामीण क्षेत्र के, आदिवासी इलाकों के और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे ही होंगे। इसके साथ ही, एक तबादला उद्योग खोलकर बड़े पैमाने पर शिक्षकों को इधर से उधर किया जाएगा।लेकिन ऐसे युक्तियुक्तकरण की मार केवल बच्चों और शिक्षकों पर ही नहीं पड़ेगी, इन स्कूलों में काम करने वाले सफाई कर्मियों और मध्यान्ह भोजन बनाने वाले मजदूर भी इसका शिकार होंगे, जो आज तक न्यूनतम मजदूरी से वंचित हैं, इसके बावजूद ये काम उनकी आजीविका का सहारा बने हुए हैं। इन स्कूलों के बंद होने से 12000 से ज्यादा मध्यान्ह भोजन और अंशकालीन सफाई मजदूर बेरोजगार हो जाएंगे, जिनके पास स्थाई/नियमित रोजगार का और कोई साधन नहीं है। ये मजदूर अब ग्रामीण बेरोजगारों की फौज बढ़ाएंगे, या फिर किसी और काम की तलाश में शहरों की ओर पलायन करेंगे और शहरी दिहाड़ी मजदूर बनने के लिए मजबूर होंगे। भाजपा ने 2023 के चुनावी घोषणापत्र में वादा किया था कि मध्यान्ह भोजन मजदूरों को वर्तमान में मिलने वाले मानदेय में 50 प्रतिशत वृद्धि की जाएगी, लेकिन 10 माह बीतने के बाद भी इस दिशा में कोई काम नहीं हुआ है। हां, उनकी छंटनी जरूर की जा रही है। साफ है कि भाजपा सरकार के पास इन मजदूरों के काम और आजीविका की सुरक्षा का भी कोई एजेंडा नहीं है। मध्यान्ह भोजन मजदूर एकता यूनियन (सीटू) के संरक्षक समीर कुरैशी ने बताया कि यूनियन की इन्हीं चिंताओं से अवगत कराते हुए मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया है और युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही रद्द करने के साथ ही इन मजदूरों को नियमित करने और न्यूनतम वेतन देने की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि प्रभावित स्कूलों के पालकों, शिक्षकों और ग्रामीणों को साथ में लेकर एक बड़ा आंदोलन खड़ा करने की कोशिश सीटू कर रही है।पूर्ववर्ती कांग्रेस राज में प्रदेश के हर ब्लॉक में उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र स्थापित करने के उद्देश्य से स्वामी आत्मानंद स्कूलों के नाम पर एक नवाचार किया गया था, जिसने निजी स्कूलों का विकल्प गढ़ने की कोशिश की थी। इन स्कूलों की ओर आम जनता बड़े पैमाने पर आकर्षित हुई थी। लेकिन भाजपा कभी भी इन स्कूलों के पक्ष में नहीं रही। अब भाजपा के सत्ता में आने के बाद उत्कृष्ट शिक्षा के ये केंद्र धीरे-धीरे और अघोषित रूप से अपनी मौत मरने के लिए बाध्य हैं। इन स्कूलों में पर्याप्त शिक्षकों का संकट पैदा कर दिया गया है, इसके साथ ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का निर्माण करने वाले साधनों का अभाव पैदा किया जा रहा है। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कहने के लिए तो बच्चों को मुफ्त शिक्षा दी जा रही है, लेकिन पहली से पांचवीं तक के बच्चों को निजी प्रकाशकों द्वारा मुद्रित औसतन 1000 रूपये की पाठ्येत्तर पुस्तकें खरीदवाई जा रही है। इन पुस्तकों की गुणवत्ता भी सोचनीय है। हर सरकारी स्कूल द्वारा अलग-अलग निजी प्रकाशकों की पुस्तकें चलाना उसी प्रकार के भ्रष्टाचार का संकेत है, जो निजी स्कूलों का हिस्सा है। जिस प्रदेश में 95 प्रतिशत परिवारों की मासिक आय 5000 रूपये से कम हो और औसत क्रय शक्ति ग्रामीण परिवारों के लिए 2446 रूपये तथा शहरी परिवारों के लिए 4483 रूपये मासिक हो, वहां पालकों पर पड़ने वाले इस अवहनीय बोझ और इसके कारण शिक्षा क्षेत्र से बाहर होने वाले/रह जाने वाले छात्रों की कल्पना आसानी से की जा सकती है। असर की पिछले साल जारी रिपोर्ट बताती है कि छत्तीसगढ़ में 15 साल उम्र तक के 13.6 प्रतिशत बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। ये बच्चे स्कूली शिक्षा के दायरे से बाहर क्यों है, इस पर कभी भी भाजपा की सरकारों ने मंथन नहीं किया। असर (एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट) की यही रिपोर्ट स्कूली बच्चों की पढ़ने-लिखने की क्षमता को भी रेखांकित करती है। इस रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले पांचवीं कक्षा के केवल 52.7 प्रतिशत बच्चे ही कक्षा-2 के स्तर का पाठ पढ़ पाते हैं, 22.8 प्रतिशत बच्चे ही भाग की क्रिया कर सकते हैं तथा केवल 11.3 प्रतिशत बच्चे ही अंग्रेजी का वाक्य पढ़ सकते हैं। पांचवीं के बच्चों का यह हाल है, तो निचली कक्षाओं के बच्चों की हालत समझ सकते है। बच्चों की इस दयनीय शैक्षणिक स्तर का सीधा संबंध स्कूली शिक्षा की बदहाली से है। युक्तियुक्तकरण का एक दूसरा पहलू भी है और वह यह है कि जितने सरकारी स्कूल बंद होंगे, शिक्षा के निजीकरण के दरवाजे भी उतने ही चौड़े होंगे। एक सर्वे के अनुसार, पिछले 10 सालों में बंद हुए स्कूलों की जगह सरस्वती शिशु मन्दिर जैसे आरएसएस-संचालित स्कूल उग आए हैं, जो शिक्षा का भगवाकरण करने के लक्ष्य पर काम कर रहे हैं। ये स्कूल पाठ्यक्रम से बाहर ऐसी पुस्तकों को चला रहे है, जो नितांत अवैज्ञानिक दृष्टिकोण और हिंदुत्व की अवधारणा पर तैयार की गई है और बच्चों को एक सांप्रदायिक नागरिक बनाने का काम करती है। सरकारी रिपोर्ट के अनुसार ही, पिछले 10 सालों में 2000 से अधिक निजी स्कूल खुले है, जिनके फीस के ढांचे और पाठ्य सामग्री पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। आज नई शिक्षा नीति और शिक्षा के भगवाकरण का चोली-दामन का संबंध है और भाजपा सरकार द्वारा चलाया जा रहा युक्तियुक्तकरण का अभियान शिक्षा के निजीकरण और भगवाकरण के अभियान का ही हिस्सा है। जैसा कि मध्यप्रदेश का अनुभव बताता है, जहां दीनानाथ बतरा सहित आरएसएस से जुड़े 88 स्वनामधन्य लेखकों की पुस्तकों को, जो नितांत सांप्रदायिक और वर्णवादी दृष्टिकोण से लिखी गई है, स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल कर शिक्षा संस्थाओं को इन्हें खरीदने के लिए कहा गया है ; बतरा का यह खतरा जल्दी ही छत्तीसगढ़ के स्कूलों के दरवाजे भी खटखटाने जा रहा है। शुरुआत रविशंकर विश्वविद्यालय से हो चुकी है, जहां फलित ज्योतिष और वास्तु ज्योतिष के पाठ्यक्रम शुरू करके अंधविश्वासों का दीक्षांत महोत्सव आरम्भ किया जा चुका है। छत्तीसगढ़ में शिक्षक और मजदूर संगठनों के कड़े विरोध के बाद भाजपा सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण की मुहिम फिलहाल रोक दी गई है। लेकिन असली लड़ाई नई शिक्षा नीति के नाम पर लागू की जा रही निजीकरण और भगवाकरण की उस नीति के खिलाफ है, जो पूरे देश के शैक्षणिक जगत को अवैज्ञानिक सोच और अज्ञान के अंधकार में डुबो देना चाहती है और ऐसे मस्तिष्क का निर्माण करना चाहती है, जो अपनी अज्ञानता पर गर्व करे।

## तस्वीरों की दुनिया



दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, भाजपा नेता विजय गोयल, दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता और अन्य लोगों ने नई दिल्ली में दिल्ली विधानसभा के पहले अध्यक्ष चरती लाल गोयल को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।




राजद नेता तेजस्वी यादव और पार्टी के अन्य नेताओं ने जाति जनगणना और 65 प्रतिशत आरक्षण को संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर पटना में विरोध प्रदर्शन किया।



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की।



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बेंगलुरु में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का उद्घाटन किया। साथ में केंद्रीय मंत्री वी. सोमन्ना भी दिखे।



हरियाणा के बवानी खेड़ा विधानसभा में आयोजित बदलाव जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल।



शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे और अन्य लोग मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिराए जाने को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ विरोध मार्च में हिस्सा लेते हुए।

# आज बंगाल विधानसभा का विशेष सत्र, पेश होगा दुष्कर्मियों को फांसी दिलाने वाला विधेयक, भाजपा ने बताया नौटंकी



**कोलकाता, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

सरकारी आरजी कर अस्पताल में महिला चिकित्सक के साथ दरिंदगी की घटना के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच दुष्कर्म के दोषियों को 10 दिन के अंदर फांसी की सजा सुनिश्चित करने के लिए संशोधित विधेयक पारित कराने के लिए सोमवार से बंगाल विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र शुरू होगा। पहले दिन पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य और अन्य दिवंगत हस्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी जाएगी। इसके बाद तय कार्यक्रम के अनुसार, तीन सितंबर, मंगलवार को राज्य सरकार की तरफ से दुष्कर्मियों को फांसी के लिए विधानसभा में संशोधित विधेयक पेश किया जाएगा। राज्य के संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने बताया कि विधेयक पारित किए जाने के बाद उसी दिन शाम में इसे मंजूरी के लिए राजभवन को भेज दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 28 अगस्त को तृणमूल छात्र परिषद के स्थापना दिवस पर यह संशोधित विधेयक लाने की घोषणा की थी। उनकी घोषणा के मुताबिक विधानसभा का यह विशेष सत्र बुलाया गया है। इधर, आरजी कर घटना पर लगातार आक्रामक भाजपा नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने कोलकाता में भाजपा के धरना मंच से रविवार को कहा कि राज्य सरकार विशेष सत्र के लिए तैयार रहे। उन्होंने संकेत दिए कि आरजी कर घटना पर विपक्षी भाजपा ममता सरकार को घेरने के लिए पूरी तरह तैयार है। इससे पहले प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने शनिवार को कहा था कि उनकी पार्टी के विधायक इस विधेयक का समर्थन करेंगे। हालांकि उन्होंने आरोप लगाया कि आरजी कर घटना से ध्यान भटकाने के लिए यह विधेयक सिर्फ नौटंकी है।

## कोल्ड कॉफी कड़वी लगी तो वेटर ने मिला दी शक्कर पीने के बाद गिलास देखकर उड़े होश, एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली 2 सितम्बर।** मुंबई के एक कैफे में कोल्ड कॉफी में कॉकरोच पाए जाने के बाद कैफे के मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। शख्स की शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक शिकायतकर्ता एक इवेंट मैनेजमेंट व्यवसाय का मालिक है। वह शुक्रवार को अपने एक दोस्त के साथ न्यू लिंक रोड स्थित कैफे में गया था।दोनों दोस्तों ने कैफे पहुंचकर कोल्ड कॉफी का ऑर्डर दिया। शख्स ने पुलिस को की गई शिकायत में बताया है कि कॉफी बहुत कड़वी थी और उसने वेटर से शिकायत की, जिसके बाद इसमें चीनी मिला दी गई।बाद में शिकायतकर्ता जब कॉफी खत्म करने ही वाला था तो उसे गिलास के नीचे कुछ मिला।

## शराबी ने पकड़ ली बस की स्टीयरिंग, सड़क पर मचा कोहराम, 9 लोगों पर टूट पड़ी मुसीबत

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में ड्राइवर के साथ बहस के बाद नशे में धुत्त एक यात्री ने बेस्ट बस की स्टीयरिंग पकड़ ली। स्टीयरिंग पकड़ने की वजह से बस का संतुलन बिगड़ गया। लालबाग इलाके में पादल जा रहे यात्री असंतुलित बस की चपेट में आ गए। बेस्ट बस से टक्कर लगने की वजह से नौ लोग घायल हो गए। तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। कालाचौकी पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने जानकारी दी कि रूट 66 (दक्षिण मुंबई के बैलार्ड पियर से) पर एक इलेक्ट्रिक वाहन सायन में रानी लक्ष्मीबाई चौक की ओर जा रही थी तभी ये घटना घटी। शराब के नशे में धुत एक यात्री का ड्राइवर से झगड़ा हो गया। जब बस लालबाग में गणेश टॉकीज के पास पहुंची तो उसने अचानक स्टीयरिंग पकड़ ली, जिससे ड्राइवर का वाहन पर से नियंत्रण खत्म हो गया।उन्होंने बताया कि बस ने दो बाइक और एक कार को टक्कर मारी और कई पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी, जिससे नौ लोग घायल हो गए। इनमें से तीन की हालत गंभीर है।

# केरल कांग्रेस में कास्टिंग काउच का आरोप लगाने वाली महिला नेता निलंबित, पार्टी ने क्या दी दलील

**तिरूअनंतपुरम, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में एक्ट्रेस के साथ हो रहे यौन उत्पीड़न को लेकर काफी चर्चा हो रही है। इसी बीच केरल कांग्रेस की एक महिला नेता ने दावा किया कि कास्टिंग काउच जैसी स्थिति कांग्रेस पार्टी के अंदर भी हो रही है। सिमी रोज बेल जान को एक टीवी चैनल के साथ एक साक्षात्कार में कांग्रेस की महिला नेताओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के बाद रविवार को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।

केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के महासचिव एम लिजू ने एक बयान में कहा कि पूर्व एआइसीसी सदस्य और पीएससी सदस्य सिमी रोज बेल जान को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। पूर्व कांग्रेस नेता सिमी रोज बेल जान ने कहा था कि कांग्रेस में महिला नेताओं को आगे बढ़ने के लिए बड़े नेताओं के समर्थन की जरूरत कास्टिंग काउच पड़ती है। केपीसीसी ने कहा कि सिमी रोज बेल जान के आरोपों का उद्देश्य राजनीतिक विरोधियों के साथ मिलकर कांग्रेस आंदोलन में लाखों महिला नेताओं और कार्यकर्ताओं को मानसिक रूप से परेशान करना और बदनाम करना था। केपीसीसी की महिला नेताओं, पदाधिकारियों और महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य ने संयुक्त रूप से केपीसीसी नेतृत्व से उनके खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। कांग्रेस के आरोपों पर अपने जवाब में सिमी रोज बेल जान ने कांग्रेस नेता वीडी सतीसन पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन महिलाओं में गौरव और गरिमा है, वे इस पार्टी में काम नहीं कर सकती हैं। जिस व्यक्ति ने पार्टी के लिए संघर्ष किया उसे निष्कासित कर दिया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी में सम्मानित महिलाएं काम नहीं कर सकतीं हैं।

## तेलंगाना में भारी बारिश से 10 की मौत, आंध्र प्रदेश में भी बिगड़े हालात; पीएम मोदी ने मुख्यमंत्रियों से की फोन पर बात

**नई दिल्ली 2 सितम्बर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के मुख्यमंत्रियों को उनके राज्यों में भारी बारिश के बाद उत्पन्न संकट से निपटने के लिए केंद्र की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि पीएम मोदी ने भारी बारिश और बाढ़ के मद्देनजर दोनों मुख्यमंत्रियों- आंध्र प्रदेश के एन चंद्रबाबू नायडू और तेलंगाना के ए रेवंत रेड्डी से फोन पर बात की।उन्होंने इस चुनौती से निपटने के लिए केंद्र की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। तेलंगाना में बारिश से संबंधित अलग-अलग घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गई, क्योंकि रविवार को हैदराबाद सहित राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश जारी रही।

# आतंकियों के नाम बदलने पर विवादों में घिरी द कंधार हाईजैक सीरीज, डायरेक्टर ने दी सफाई



**नईदिल्ली, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

साल 1999 के कंधार प्लेन हाईजैक की घटना पर आईसी 814 द कंधार हाईजैक सीरीज आई है। इस फिल्म में एक्टर विजय वर्मा ने कैप्टन देवी शरण का किरदार निभाया है, जो प्लेन के हाईजैक के दौरान पायलट हैं। नेटफ्लिक्स पर इस सीरीज की स्ट्रीमिंग शुरू हो चुकी है।24 दिसंबर 1999 को इंडियन एयरलाइंस का प्लेन IC-814, 176 पैसेंजर्स को लिए काठमांडू के त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए उड़ान भरा था। उड़ान भरते समय इस प्लेन को हाईजैक कर लिया जाता है। प्लेन को पांच नकाबपोश आतंकवादियों ने हाईजैक कर लिया था। यह आतंकवादी प्लेन को अमृतसर, लाहौर, दुबई होते हुए कंधार ले जाते हैं। हाईजैक की घटना सात दिनों तक चलती रही।

जिन पांच आतंकवादियों ने प्लेन हाईजैक किया था वो सभी मुस्लिम थे। जिनका नाम इब्राहिम अख्तर, शाहिद अख्तर, सन्नी अहमद, ज़हूर मिस्त्री और शाकिर थे। लेकिन इस वेब सीरीज में इन आतंकवादियों के बदले हुए नाम भोला और शंकर रखे गए हैं। इसी पर विवाद छिड़ गया है। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स फिल्म को बायकॉट करने की मांग कर रहे हैं।किरदार के बदले गए नाम को लेकर मूवी सीरीज डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा ने रविवार को दावा किया कि इस घटना में शामिल आतंकवादियों ने एक-दूसरे के अलग अलग-अलग नामों यानी नकली नाम का इस्तेमाल किया था। इस सीरीज को तैयार करने के लिए काफी रिसर्च की गई है। सोशल मीडिया पर एक यूजर्स ने कहा कि डायरेक्टर जानबूझकर तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं। इतिहास को फिर से लिखने की कोशिश की जा रही है।वहीं, एक अन्य यूजर्स ने कहा, आईसी 814 की त्रासदी को एक हास्यास्पद कहानी में बदलकर, सिन्हा ने दिखाया है कि उनकी निष्ठा कहां हैं।

# एक्ट्रेस को कपड़े बदलते देखते हैं एक्टर, वैनिटी वैन में होते हैं हिडन कैमरे, अभिनेत्री के दावे पर मचा हंगामा



**तिरूवनंतपुरम, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

मलयालम फिल्म इंड्रस्ट्री में एक्ट्रेस के साथ हो रहे यौन उत्पीड़न के मामले में रोज नए खुलासे हो रहे हैं। जस्टिस के हेमा समिति की रिपोर्ट जारी होने के बाद मलायलम फिल्म इंडस्ट्री में एक्ट्रेस की सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

इसी बीच साउथ एक्ट्रेस राधिका सरथकुमार ने शनिवार को एक चौंकाने वाला दावा किया कि एक मलयालम फिल्म की शूटिंग सेट पर मौजूद वैनिटी वैन में हिडन कैमरे लगे थे। इन कैमरों के जरिए एक्ट्रैस के आपत्तिजनक वीडियोज रिकॉर्ड किए गए थे। राधिका सरथकुमार ने आगे दावा किया कि उन्होंने एक्ट्रेसेस के आपत्तिजनक वीडियो को एक्टर्स को अपने फोन में देखते हुए भी देखा है। राधिका ने कहा कि मैंने देखा कि वैनिटी वैन में एक्ट्रेस कपड़े बदलते हुए वीडियोज को एक्टर देख रहे हैं।एक्ट्रेस ने एक मलयालम फिल्म के सेट पर हुई घटना को उजागर किया हालांकि, उन्होंने इस बात की जानकारी नहीं दी कि वो उन्होंने यह घटना कहां और किस सेट पर देखा। राधिका सरथकुमार ने आगे कहा, मैंने वैनिटी में कपड़े बदलती महिलाओं के वीडियो देखे हैं।

मुझे बहुत गुस्सा आया। मैंने जोर देकर कहा कि मुझे सुरक्षित रहने की जरूरत है और इसलिए मैंने कहा कि मुझे वैनिटी नहीं चाहिए और मैं अपने होटल के कमरे में वापस चली गई। अब जिम्मेदारी महिलाओं पर है। उन्हें अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी उठानी होगी।आरएमपी नेता केके रेमा ने राधिका सरथकुमार के बयान पर हैरानी जताते हुए कहा कि फिल्म उद्योग में कथित तौर पर हो रही क्रुरताएं किसी की कल्पना से परे हैं। उन्होंने मीडिया से कहा, यह किस तरह की क्रूरता है। सिनेमा जगत तेजी से सबसे बड़ा अंडरवर्ल्ड बनता जा रहा है।इन सभी आरोपों से हमें यही समझ आता है। यौन उत्पड़न मामले को लेकर मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में काम करने वाले कई एक्टर और डायरेक्टर पर मामले दर्ज किए जा चुके हैं।

# क्या यह आज ऐसे देश में स्वीकार्य है, CJI ने क्यों कहा- राष्ट्रीय स्तर की न्यायिक भर्ती के बारे में सोचें

**नईदिल्ली, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने रविवार को न्यायिक सेवाओं के लिए राष्ट्रीय स्तर की भर्ती प्रक्रिया की वकालत करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि हम क्षेत्रवाद और राज्य-केंद्रित चयन की संकीर्ण दीवारों से आगे बढ़ें। भारत मंडपम में जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सम्मेलन में कहा कि हमें इस तथ्य को बदलना चाहिए कि जिला स्तर पर हमारे न्यायालयों के बुनियादी ढांचे का केवल 6.7 प्रतिशत ही महिलाओं के अनुकूल है।उन्होंने कहा कि क्या यह आज ऐसे देश में स्वीकार्य है, जहां कुछ राज्यों में भर्ती के बुनियादी स्तर पर 60 या 70 प्रतिशत से अधिक महिलाओं की भर्तियां होती हैं। चीफ जस्टिस ने कहा, हमारा ध्यान सुलभता के उपाय बढ़ाने पर है, जिन्हें बुनियादी ढांचे के ऑडिट करके समझा जा सकता है। अदालत में चिकित्सा सुविधाएं, क्रेच और ई-सेवा केंद्र व वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग जैसी तकनीकी परियोजनाएं खोलना, इन प्रयासों का उद्देश्य न्याय तक पहुंच बढ़ाना है।

जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में बोलते हुए सीजेआई का मानना था कि लंबित मामलों की उच्च संख्या से निपटने के लिए कुशल कर्मियों को आकर्षित करना महत्वपूर्ण है और उन्होंने देश भर में भर्ती कैलेंडर को मानकीकृत करने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि रिक्तियों को समय पर भरा जाए। उन्होंने कहा, हमें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारी अदालतें समाज के सभी सदस्यों, विशेष रूप से महिलाओं और अन्य कमजोर समूहों जैसे विकलांग व्यक्तियों, एससी-एसटी के सदस्यों और विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के लोगों के लिए सुरक्षित और अनुकूल वातावरण प्रदान करें। जस्टिस चंद्रचूड़ ने यह भी बताया कि हाल में संपन्न पहली राष्ट्रीय लोक अदालत में पांच कार्य दिवसों में लगभग 1,000 मामलों का निपटारा सौहार्दपूर्ण ढंग से किया गया।

# पत्थर दिल हो गई हैं ममता दीदी, बंगाल सीएम पर क्यों भड़के शिवराज सिंह चौहान

**नईदिल्ली, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने रविवार को कहा कि बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पत्थर दिल हो गई हैं। केंद्रीय मंत्री ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में महिला डाक्टर के साथ हुई दरिंदगी को लेकर ममता पर हमला बोला। शिवराज ने कहा कि ममता को इसके परिणाम भुगतने होंगे। शिवराज ने कहा, ममता दीदी पत्थर दिल हो गई हैं। वह इस मुद्दे को दबाने की कोशिश कर रही हैं। पहले तो माता-पिता को झूठा बताया गया कि उनकी बेटी बीमार है। फिर उन्हें बताया गया कि बेटी ने आत्महत्या कर ली है। कई घंटों तक कोई एफआइआर दर्ज नहीं की गई। बाद में पुलिस के सामने साक्ष्य मिटाए गए। यह अन्याय की पराकाष्ठा है। पूरा देश आहत है। ममता दीदी को परिणाम भुगतने होंगे।झारखंड में पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने को लेकर शिवराज ने कहा कि चम्पाई ने कोई शर्त नहीं रखी है। वे झारखंड को बचाने के लिए भाजपा में शामिल हुए हैं।

जिस तरह से बाहरी लोग झारखंड में जमीन और संसाधनों पर कब्जा कर रहे हैं, उसके खिलाफ उन्होंने क्रांति की शुरुआत की है। शिवराज झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के प्रभारी हैं। लखपति दीदी योजना को लेकर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प लिया है कि महिलाएं गरीब नहीं रहेंगी। लक्ष्य है कि महिलाओं को सालाना एक लाख रुपए की आय हो। अब तक एक करोड़ महिलाएं लखपति बन चुकी हैं और हमारा लक्ष्य तीन करोड़ महिलाओं को लखपति बनाना है।

## मुझ पर बुरी आत्मा का साया... मां के साथ सो रहा था 10 महीने का बेटा, पिता ने जमीन पर पटककर की हत्या

**बूंदी, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

राजस्थान के बूंदी जिले में एक शख्स ने अपने नवजात बेटे की हत्या कर दी। इस वारदात को लेकर पुलिस ने 38 साल के शख्स जितेंद्र बैरवा उर्फ जित्तू को बेटे की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी ने सफाई दी है कि उसने बुरी आत्मा के प्रभाव में आकर अपने बेटे का कत्ल कर दिया। कथित घटना सुबह करीब 5 बजे डॉलर गांव में हुई। कापरेन एसएचओ कमल सिंह ने बताया कि दस महीने का अंश अपनी मां गायत्री के साथ सो रहा था, तभी आरोपी जितेंद्र बैरवा उर्फ जित्तू ने उसे उठाकर जमीन पर पटक दिया। इसके बाद परिवार के लोग अंश को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। SHO ने कहा कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया है। शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। बडुंदा गांव का मूल निवासी बैरवा करीब एक साल से अपनी पत्नी और बेटे के साथ ससुराल में रह रहा था।

# डीटीसी के एटीआई को मिलेगा अधिकार, बस लेन में खड़े वाहनों का काट सकेंगे चालान

**नईदिल्ली, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**



डीटीसी के सहायक यातायात निरीक्षक (एटीआई) स्तर के कर्मचारियों को भी चालान काटने का अधिकार मिलेगा। इस बारे में परिवहन विभाग ने अंतिम परामर्श के लिए सरकार के कानून विभाग के पास फाइल भेजी है। प्रस्ताव के अनुसार, डीटीसी कर्मी केवल बसों और बस लेन में पार्क किए जाने वाले अन्य वाहनों का चालान भी काट सकेंगे।बस लेन का पालन कराए जाने के लिए सरकार ने फैसला लिया है। अभी डीटीसी कर्मियों को चालान काटने का अधिकार नहीं है। बन लेन के उल्लंघन की लगातार शिकायतें आ रही हैं। परिवहन विभाग ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत लेन अनुशासन का उल्लंघन करने वाली बसों को चालान जारी करने के लिए दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के सहायक यातायात निरीक्षक (एटीआई) रैंक के अधिकारियों को सशक्त बनाने की सिफारिश की है।

यह प्रस्ताव गत जुलाई में अनुमोदन के लिए उपराज्यपाल को भेजा गया था। सूत्रों का कहना है कि उपराज्यपाल की ओर से इस पर सहमति मिल गई है। इसके बाद परिवहन विभाग ने इससे संबंधित फाइल मंजूरी के लिए विधि एवं कानून विभाग को भेज दी है। गत दिनों उपराज्यपाल ने यातायात नियमों का पालन कराने के लिए की गई बैठक में विभिन्न मुद्दों को रखा था, इसके बाद से परिवहन विभाग इसे लेकर गंभीर है।

विभाग का कहना है कि कानून विभाग की अनुमति मिलते ही इसे लागू कर दिया जाएगा। इसके तहत एटीआई बस लेन का उल्लंघन करने वाली बसों के साथ साथ बस लेन को अवरुद्ध करने वाले अन्य वाहनों के भी चालान काट सकेंगे। इससे यातायात नियमों का पालन कराने के मामले में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। यहां गौरतलब है कि मुख्य मार्गों पर बस लेन सबसे बाईं ओर होती है। यह बसों और अन्य व्यावसायिक के लिए निर्धारित होती है। मगर सड़कों पर कई जगह बस लेन भी नजर नहीं आती है।

# गुजरात में बाढ़ से कितना हुआ नुकसान? गृह मंत्रालय की टीम लगाएगी पता, तेलंगाना में रेड अलर्ट जारी

**नईदिल्ली, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**



गृह मंत्रालय ने गुजरात में बारिश और बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम (आईएमसीटी) का गठन किया है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) के कार्यकारी निदेशक के नेतृत्व में यह टीम जल्द ही गुजरात के बाढ़ प्रभावित जिलों का दौरा करेगी। मंत्रालय की ओर से रविवार को यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया कि पिछले सप्ताह गुजरात और राजस्थान पर बने गहरे दबाव के कारण गुजरात में 26 और 27 अगस्त को अत्यधिक भारी बारिश हुई। इससे राज्य में बाढ़ आ गई और काफी नुकसान हुआ। इस दौरान 30 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।मध्य प्रदेश और राजस्थान भी भारी वर्षा से प्रभावित हुए। इस वर्ष हिमाचल प्रदेश भी भारी वर्षा, बादल फटने और भूस्खलन की कई घटनाओं हुई हैं। बयान में कहा गया है कि गृह मंत्रालय अन्य राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों के संपर्क में है और यदि वे व्यापक नुकसान की सूचना देते हैं तो वहां भी आईएमसीटी को भेजा जाएगा।बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार प्रभावित राज्यों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। नागालैंड के लिए भी आईएमसीटी का गठन किया गया है, जो जल्द ही राज्य के प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेगी। बयान में कहा गया है कि अतीत में आईएमसीटी राज्य सरकार से इस संबंध में अनुरोध मिलने के बाद ही आपदा प्रभावित राज्यों का दौरा करती थी। पिछले दिनों गुजरात के वडोदरा में हुई भारी बारिश के बीच रिहायशी इलाकों से कुल 24 मगरमच्छों को बचाया गया। भारी बारिश की वजह से विश्वामित्री नदी का जलस्तर खतरे के निशान से काफी बढ़ गया था और शहर के कई इलाकों में इसका पानी घुस गया था। वडोदरा रेंज के वन अधिकारी करण सिंह राजपूत ने बताया कि नदी में कुल 440 मगरमच्छ हैं। इनमें से कई अजवा बांध से पानी छोड़े जाने के कारण आई बाढ़ के चलते रिहायशी इलाकों में घुस गए थे। उन्होंने बताया कि 24 मगरमच्छों के अलावा हमने सांप, कोबरा, करीब 40 किलोग्राम वजन वाले पांच बड़े कछुए और एक सेह समेत 75 अन्य जीव-जंतुओं को भी बचाया। आईएएनएस के अनुसार हैदराबाद समेत तेलंगाना के कई हिस्सों में रविवार को भी भारी बारिश जारी रही और जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। कई सड़क व रेल मार्ग अवरुद्ध हो गए। रविवार को महबूबाबाद में एक कार के बाढ़ की चपेट में आने से उसमें सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसके पिता लापता हैं। इसके अलावा खम्मम जिले में भी दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों के बह जाने की आशंका है। कई स्थानों पर भारी बारिश और पटरियों पर जलभराव के कारण रेलवे को 99 ट्रेनें रद्द करनी पड़ीं जबकि 54 ट्रेनों का मार्ग बदल दिया गया। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने मंत्रियों, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ आपात समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उधर, मौसम विभाग ने तेलंगाना के 11 जिलों में अगले 24 घंटों के दौरान अत्यधिक भारी बारिश की संभावना जताते हुए रेड अलर्ट जारी किया है।

## मणिपुर में नहीं थम रहा हिंसा का दौर, उग्रवादियों की गोलीबारी में दो लोगों की मौत, नौ घायल

**इंफाल, 02 सितम्बर [एजेंसी]।**

मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में रविवार को उग्रवादियों के हमले में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। घायलों में महिला की बेटी और एक पुलिस अधिकारी एन. रॉबर्ट भी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों ने पहाड़ी इलाकों से कोत्रुक और कडांगबांद के घाटी क्षेत्रों की ओर अंधाधुंध गोलीबारी की। उग्रवादियों ने बम भी फेंके। नौ घायलों में से पांच को गोली लगी है, जबकि अन्य को बम विस्फोटों से छर्रे लगे हैं। गोलाबारी के कारण कई घर भी क्षतिग्रस्त हो गए। मृतक महिला की पहचान नगांगबाम सुरबाला देवी के रूप में हुई है। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान (आरआईएमएस) ले जाया गया है। दूसरे मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। राज्य सरकार ने ग्रामीणों पर हमले की निंदा की है।गृह विभाग ने बयान में कहा, राज्य सरकार को निहत्थे ग्रामीणों पर ड्रोन, बम और अत्याधुनिक हथियारों से हमला करने की घटना के बारे में पता चला है। हमले में कथित तौर पर कुकी उग्रवादियों ने महिला समेत दो लोगों की हत्या कर दी। निहत्थे ग्रामीणों को आतंकित करने के ऐसे कृत्य को राज्य सरकार गंभीरता से लेती है। बयान में कहा गया कि सरकार राज्य में सामान्य स्थिति और शांति लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इस करतूत को राज्य में शांति स्थापित करने के प्रयासों को पटरी से उतारने की कोशिश माना जा रहा है।

### स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी कर्मचारियों का बढ़ाया हौसला

# कोषालय कर्मचारियों पर रहती है विशेष जिम्मेदारी:साव

**कोरिया/बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषालय कर्मचारी संघ का तीसरा वार्षिक अधिवेशन शनिवार को राजधानी रायपुर में संपन्न हुआ। अटल बिहारी बाजपेयी सभागार चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में आयोजित अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए,जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल,रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल,संचालक कोष लेखा पेंशन आईएएस रितेश अग्रवाल, अवर सचिव वित्त विभाग डाक्टर एके सिंह,योगेश अग्रवाल उपस्थित थे।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए कोषालय कर्मचारी संघ कोरिया के जिलाध्यक्ष राहुल मिश्रा ने बताया कि प्रात: उद्घाटन सत्र में दीप प्रज्वलन के पश्चात कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई,जिसके बाद संचालक कोष लेखा एवं पेंशन आईएएस रितेश अग्रवाल के समक्ष कोषालय कर्मचारी संघ के सभी जिलाध्यक्ष ने परिचय दिया। जिसके बाद पहले सत्र में उद्बोधन की श्रृंखला में संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रितेश अग्रवाल ने आयोजन की सराहना करते हुए कोषालय कर्मचारियों से समय पर काम करने का आह्वान किया। आवश्यकता पड़ने पर सेमिनार आयोजित करने की बात भी उन्होंने कही। विभाग में सुधार के तहत जारी ऑनलाइन प्रणाली पर भी उन्होंने जोर दिया। दूसरे सत्र में विशिष्ट अतिथि बतौर उपस्थित प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि कोषालय कर्मचारी भरपूर ऊर्जा के साथ काम करते हैं,शासन के द्वारा विभिन्न विभागों को आबंटित बजट की चाभी उनके पास होती है। जनप्रतिनिधियों से लेकर पूरे कर्मचारी जगत का काम उनके माध्यम से होता है,कोषालय कर्मचारी अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोषालय में कर्मचारियों की संख्या अन्य



विभागों की तुलना में जरूर कम है लेकिन यह पहला संगठन है जिसके अधिवेशन में आने के बाद यह बताया गया कि उनकी कोई मांग नही है,उन्होंने आगे कहा कि 8 माह के कार्यकाल में उनके समक्ष कोषालय कर्मचारियों की कोई भी शिकायत नहीं आई जिससे समझा जा सकता है कि कर्मचारियों का काम ठीक है। संघ को हर संभव मदद का आश्वासन स्वास्थ्य मंत्री ने दिया। उद्बोधन की श्रृंखला में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कोषालय कर्मचारी संघ का यह तीसरा अधिवेशन है,हर अधिवेशन में आने का मौका मिला है। जब भी जरूरत पड़ी कोषालय कर्मचारी संघ का सहयोग करने की बात उन्होंने कही। उन्होंने आगे कहा कि कोषालय कर्मचारियों का काम अन्य कर्मचारियों की तुलना में एकदम भिन्न है,इतने बड़े बजट का हिसाब किताब रखना सामान्य बात नही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से कर्मचारियों में अच्छा संदेश जाता है,किसी भी संघ,संगठन को मजबूती के लिए काम करना चाहिए,अपने साथियों की समस्याओं को हल करने के लिए भी उन्हें आगे आना चाहिए। उप मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि कोषालय के कर्मचारी शासन के महत्वपूर्ण अंग होते हैं,समय पर उनके द्वारा काम किए जाने से वित्त मामले का कोई भी काम प्रभावित नही होता,कोषालय कर्मचारियों के कंधे पर विशेष जिम्मेदारी होती है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बिना भेदभाव के काम कर कर रही है,वैसे तो मांग कभी खत्म नहीं होती लेकिन इस आयोजन में संघ के द्वारा कोई भी मांग ना रखा जाना इस बात का संदेश है कि सरकार अच्छा काम कर रही है। तीसरे प्रांतीय अधिवेशन की उन्होंने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। प्रांत अध्यक्ष डाक्टर जितेंद्र सिंह ठाकुर एवं महामंत्री दीपक देवांगन ने भी संघ के द्वारा किए गए काम,प्रयास और उपलब्धि के बारे में कर्मचारियों को अवगत कराते हुए संगठन मजबूरी के लिए सक्रिय रहने का आह्वान किया गया। कोषालय कर्मचारी संघ द्वारा सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। साथ ही संघ द्वारा विगत 8 वर्षों में प्रदेश भर में विभाग के सेवानिवृत्ति 72 साथियों,40 उत्कृष्ट सदस्यों एवं सक्रिय 16 जिलाध्यक्ष जनों का सम्मान भी स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया। अधिवेशन में प्रदेश भर के कोने कोने से प्रांतीय पदाधिकारी,संभागीय पदाधिकारी,जिला पदाधिकारी एवं सक्रिय सदस्य शामिल हुए। अधिवेशन में कोरिया जिले से जिलाध्यक्ष राहुल मिश्रा के नेतृत्व में वीरेंद्र पटेल, सूर्यप्रताप, सुमित उपगढ़े,नंद कुमार कौशिक,अनुराग सोनी, श्यामबिहारी साहू,रशीदा बानो, रामनेवाज, विल्सन किंडो,शिवपाल,दीपेश साहू,सितालो आदि कर्मचारियों का योगदान रहा।



## पटना में भाजपा सरकार के विरोध में निकाला गया शांति मार्च एवम मशाल जुलूस

**कोरिया बैकुंठपुर।** बलौदा बाजार में घटी अप्रिय घटना में अपनी नाकामी को छुपाते हुए भाजपा सरकार द्वारा बिना किसी सबूत के भिलाई विधायक देवेंद्र यादव , युवा कांग्रेस बलोदबाजार के साथियों सहित अनेक सतनामी समाज के निर्दोष भइयो को गिरफ्तार किया गया है साथ ही भिलाई में कांग्रेस कार्यकर्तों पर लाठीचार्ज किया गया है। जिसके विरोध में प्रदेश युवा कांग्रेस के निर्देशानुसार जिला युवा कांग्रेस द्वारा जिला स्तरीय मशाल जुलूस निकाला गया है ,समय शाम 7 बजे ,स्थान पटना इमली चौक से आदर्श चौक तक (मशाल यात्रा) शांतिपूर्ण तरीके से निकाली गई । भारतीय युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुजीत सोनी के नेतृत्व में निकली गई मसाल यात्रा, जिसमें समस्त जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस, हस्द्ध ,महिला कांग्रेस, सेवा दल, अल्पसंख्यक कांग्रेस, व्यापार प्रकोष्ठ, आदिवासी कांग्रेस के साथ-साथ अन्य समस्त प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता , पटना 84 के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता यवत सिंह , महिला कांग्रेस अध्यक्ष संगीता सोनवानी, भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष सुमन दुबे भारतीय युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुजीत सोनी ,भारतीय युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार सूर्यवंशी , एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष फरोग सिद्दीकी , वरिष्ठ कांग्रेसी सोनू यादव , दुर्गादश अग्रवाल , प्रकाश पांडे ,मुख्तार अहमद ,बिहारी लाल राजवाड़े , अमित पांडेय , आशीष अग्रहरी ,पटना उप सरपंच परेश सिंह , वीरेंद्र सोनी , अमन देवांगन , दिवाकर प्रताप सिंह , गोलू सिंह , शागिल सिद्दीकी ,देव पटवा , अरबाज खान , असद इरफान , साहिल खान , शिवम साहू ,प्रदीप साहू , राहुल बघेल , प्रदीप राजवाड़े , किशन तिवारी , गोलू अग्रवाल , एवम अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेड़ों की कटाई कर उत्तर प्रदेश भेजने की थी तैयारी, एसडीएम ने किया जब्त

**सूरजपुर।** बसदेई इलाके से भारी मात्रा में सेमर पेड़ों की अवैध कटाई कर 15 किलोमीटर दूर नमदगिरी गांव में भंडारित कर उसे ट्रक में उत्तरप्रदेश भेजे जाने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पर सूरजपुर एसडीएम जगन्नाथ वर्मा ने नमदगिरी गांव पहुंचकर अवैध लकड़ी लोड एक ट्रक को पकड़कर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया है। वहीं घटना स्थल पर भंडारित एक ट्रक से अधिक लकड़ी को एक पंच के सुपुर्द करते हुए जांच शुरु कर दी है।



सूत्रों की माने तो राजस्व व वन विभाग से अनुमति प्राप्त किए बिना कथित लकड़ी तस्कर द्वारा बसदेई इलाके में बड़े पैमाने पर गैर इमारती लकड़ी की अवैध कटाई कराई जा रही है। उसके बाद काटे गए हरे भरे पेड़ो की मोटी मोटी बोंगियो को ट्रैक्टरों से ढुलाई करा कर 15 किलोमीटर दूर नमदगिरी गांव में पानी टंकी के समीप खुले में संग्रहित करा कर ट्रकों के जरिए उत्तरप्रदेश भेजा जा रहा है। शनिवार की देर शाम एसडीएम जगन्नाथ वर्मा को ट्रक क्रमांक यूपी 25 सीटी 1388 में अवैध लकड़ी लोड होने की जानकारी दी गई। जानकारी मिलते ही एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर लकड़ी की मोटी मोटी बोंगियो से लोड उक्त ट्रक को पकड़ा। ट्रक ड्राइवर ने ट्रक मे लोड लकड़ियों का कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किया। इस पर एसडीएम ने लकड़ी लोड ट्रक को पकड़कर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया। वही खुले में संग्रहित एक ट्रक से अधिक लकड़ी को जब्त कर एक पंच को सुपूर्दनामे में सौपा। बता दें कि गैर इमारती पेड़ो की कटाई के लिए अनुमति लेकर सत्यापन कराना आवश्यक है। राजस्व भूमि पर पेड़ कटाई के लिए एसडीएम और वन भूमि पर पेड़ कटाई के लिए वन विभाग की अनुमति लेना आवश्यक है। भंडारण के लिए भी अनुमति लेना जरूरी हैं। लेकिन इस मामले में दोनो ही विभाग से अनुमति नही लिए जाने की संबंधितो ने पुष्टि की है। यह लकड़ी तस्करी का खेल लंबे समय से कथित वन अधिकारियों की मिलीभगत से चल रहा है। लकड़ी तस्करी की सूचना मिलने पर मैंने नमदगिरी गांव में पानी टंकी के पास लकड़ी लोड एक ट्रक को जब्त कर कोतवाली पुलिस तथा जमीन में रखी लकड़ियों को एक पंच को सुपुर्दनामे पर दिया है। मामले का परीक्षण कर वैधानिक कार्रवाई ही की जाएगी।

## सर्पदंश से सात वर्षीय बालक की मौत



**जनकपुर।** एमसीबी जिला के ग्राम भरतपुर में बीती रात घर में सो रहे एक सात वर्षीय बालक का सर्पदंश से मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भरतपुर निवासी रमेश बेनवंश का सात वर्षीय पुत्र कार्तिक बेनवंश हमेशा की तरह शनिवार की रात्रि में भोजन पश्चात अपने बड़े भाई विपिन बेनवंश के साथ चारपाई में मच्छरदानी के अंदर बिस्तर लगाकर सो रहा था। मध्य रात्रि में कार्तिक बेनवंश का गहरी नींद में मच्छरदानी से बाहर हाथ निकल गया इसी दरम्यान रात करीब 02 बजे विषैले सर्प ने कार्तिक के बाएं हाथ की उंगली में काट दिया। सर्पदंश की पीड़ा से कार्तिक के कराहने की आवाज़ सुनकर उसके माता पिता व अन्य परिजन की नींद खुल गई और आनन फानन में कार्तिक बेनवंश को लेकर जनकपुर अस्पताल आए जहाँ उपचार के दौरान मौत हो गई। इधर जनकपुर पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा मर्ग क़ायम कर आवश्यक कार्यवाही किया गया।

## संपूर्णता अभियान अंतर्गत किया गया प्रशिक्षण का आयोजन

**सूरजपुर।** विगत दिवस सम्पूर्णता अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) द्वारा वितीय साक्षरता एवं समावेशन तथा सामुदायिक आधारित सहवहनीय कृषि के लिए जनपद पंचायत प्रतापपुर के सभा कक्ष में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में दूसरे ब्लॉक के आये के लिए 15 दीदियों को बुलाया गया था जिसमें ब्लॉक के 43 गांव में अभियान चलाया गया जिसमें खेती करने के श्री विधि आधारित जानकारी प्रदान की गई। अपने घर मे बीज उपचार, नाडेप, वर्मी खाद, देशी जैविक कीटनाशक दवाइयां कैसे बनाया जाता इसके बारे में बताया गया है। साथ मे ब्रह्मास्त्र, अग्निस्त्र उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। साथ मे अपने घर के आसपास खाली पड़े भूमि में किचन गार्डन कैसे तैयार कर सकते है। एवं पशु विभाग से समन्वय स्थापित कर नई चयनित पशु सखियों को टीकाकरण के विषय में जानकारी दिया गया।

## कम कीमत में चोरी की मोटर सायकल बेचने की फिराक लगे एक व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**सूरजपुर।** डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे(भा.पु.से.) ने थाना-चौकी प्रभारियों को चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने, आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर पैनी नजर रखने एवं सूचना तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए थे। इसी परिप्रेक्ष्य में 31 अगस्त को थाना प्रतापपुर जांच कार्यवाही व ग्राम भ्रमण पर निकली थी इसी बीच मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम मायापुर मयूरगोड़ी में ग्राम चिकनी का दिलीप सिंह नाम का व्यक्ति मोटर सायकल हीरो होण्डा पैसन प्रो सीजी 15 सीएफ 5061 को मात्र 2 हजार रूपये में बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश में लगा हुआ है।

थाना प्रतापपुर पुलिस फौरन मौके पर पहुंची और धेराबंदी कर मोटर सायकल सहित दिलीप सिंह पिता हीराचंद उम्र 23 वर्ष ग्राम चिकनी, थाना चंदौरा को पकड़ा और मोटर सायकल का वैध दस्तावेज की मांग की, पर उसने कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जो चोरी का होने का पूर्ण अंदेशा पर धारा 35(1-व्ही) बीएनएसएस/303(2) बीएनएस के तहत कार्यवाही कर मोटर सायकल कीमत 50 हजार रूपये का जप्त कर उसे गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ पर उसने बताया कि मोटर सायकल को वाड्रफनगर-रजखेता से चोरी किया है। कार्यवाही एएसपी संतोष महतो व एसडीओपी प्रततापपुर अरूण नेताम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रतापपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, एसआई संदीप सिंह, एएसआई हरिशंकर तिवारी, प्रधान आरक्षक रजनीश त्रिपाठी, राहुल गुप्ता, आरक्षक इन्द्रजीत सिंह, राजेश तिवारी, अवधेश कुशवाहा, भीमेश आर्मो व राकेश यादव सक्रिय रहे।

## ग्रामीण का शव मिला, हाथी के हमले से मौत की संभावना, दूसरे दिन जंगल से शव निकाला गया बाहर



**अंबिकापुर।** मैनपाट के नर्मदापुर पटेलपारा निवासी नारद यादव (55) भैंस चराने शनिवार को निकला था।दांतीढाब के बांसहिया जंगल में भैंस चराने गया ग्रामीण शाम तक वापस नहीं लौटा। वन विभाग की टीम व स्वजन उसे खोज रहे थे। बांसहिया जंगल में उसका शव नजर आया। आसपास एक हाथी मंडरा रहा था। प्रतीक्षा के बाद भी जब हाथी उसी क्षेत्र में विचरण करता रहा तो शव को बाहर नहीं निकाला जा सका। रविवार सुबह शव को जंगल से बाहर निकाला गया। शव की स्थिति देखकर हाथी के हमले से मौत की संभावना जताई जा रही है। मैनपाट में एक हाथी लंबे समय से अकेले ही विचरण कर रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह हाथी शनिवार को दांतीढाब से लगे जंगल में पहुंच गया था। इस बात की जानकारी गांव वालों को नहीं थी। यही कारण था कि मृतक नारद यादव भैंस लेकर चराने के लिए इस जंगल में चला गया था। ग्रामीणों ने मैनपाट क्षेत्र में हाथियों की निगरानी में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग की ओर से हाथी के विचरण की सही जानकारी उन्हें नहीं मिल पाती है अकेले घूम रहे हाथी की सही तरीके से निगरानी भी नहीं हो पा रही है। इस कारण ऐसी घटना हो रही है। यदि हाथी की उपस्थिति की सही जानकारी मिले तो गांव वाले सतर्क रहेंगे।

## छुई मिट्टी निकालने के दौरान धंसी खदान, एक युवती की मौत

**बिश्रामपुर।** खान प्रभावित गेतरा गांव के खूंटिया नाला के किनारे अवैध रूप से संचालित छुई खदान का एक हिस्सा धंसक जाने से तीन महिलाएं उसमें दब गई। उन्हें आनन फानन में बाहर निकाला गया। इस दौरान एक युवती की मौत हो गई। घटना में घायल दो ग्रामीण महिलाओं को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जिले में अनेक अवैध छुई खदाने संचालित है। जिले में संचालित अवैध हुई खदानों में दर्जनों महिलाएं मौत का शिकार हो चुकी है। एसईसीएल की रेहर आवासीय कालोनी से एक किलोमीटर की दूरी पर खूंटिया नाला के तट पर लंबे अरसे से अवैध छुई खदान संचालित है। शनिवार को सुबह सलका गांव की नौ ग्रामीण महिलाएं घर की लिपाई करने के लिए खूंटिया नाले पर छुई मिट्टी की खोदाई करने गई थी। छुई मिट्टी निकालने के दौरान छुई खदान की मिट्टी धंसक जाने से ग्राम सलका महादेव पारा निवासी फुलकुंवर पुत्री धनसाय गोंड़ 22 वर्ष समेत दबिन्दर व पनमेश्वरी धसकी मिट्टी के नीचे दब गई। छुई मिट्टी लेने गई सोनामती, मनियारो आदि महिलाओं द्वारा शोर मचाने पर ग्रामीणों ने तत्काल वहां पहुंचकर छुई मिट्टी में दबी उक्त तीनों महिलाओं को बाहर निकाला। तब तक 22 वर्षीय युवती फूलकुंवर की मौत हो चुकी थी। वही हादसे



में घायल दबिन्दर व पनमेश्वरी को तत्काल जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी स्थिति खतरे से बाहर है। घटना की सूचना पर पुलिस टीम समेत सूरजपुर तहसीलदार समीर शर्मा और वन विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। तहसीलदार समीर शर्मा ने बताया कि मिट्टी निकालने के दौरान सुरंग बन गई है, जिसे बंद कराया जाएगा। खदान पूरी तरह से असुरक्षित है। इधर कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 860 खिलाड़ियों के बीच शुरू हुआ खेल का रोमांच



**अंबिकापुर।** अंबिकापुर के मल्टीपरपज स्कूल ग्राउंड में 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने ध्वजारोहरण कर प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की। इसके पहले बैडमिंटन के राष्ट्रीय खिलाड़ी अथर्व प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों को शपथ दिलाई।

इस अवसर पर सभी संभागों के खिलाडियों ने आकर्षक मार्चपास्ट किया। मार्चपास्ट का नेतृत्व व्यायाम शिक्षक शौभिक दासगुप्ता ने किया। इसके साथ ही स्कूली बच्चों के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। मंत्री रामविचार नेताम ने इस अवसर पर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि राज्य में सरगुजा सम्भाग की अलग पहचान है। उन्होंने प्रतियोगिता में आए प्रदेश उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ियों ने पहले हुए स्पर्धाओं में अपने हुनर का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को बताया कि छत्तीसगढ़ में खेल प्रतिभाओं को आगे ले जाने के लिए शासन प्रतिबद्ध हैं। आगामी दिनों में अच्छी सुविधाओं तथा प्रशिक्षण के माध्यम से खेल प्रतिभाओं को निखारने का प्रयास किया जा रहा है जिससे हमारे खिलाड़ी बढ़िया खेल कर अपनी प्रतिभा का झण्डा दुनिया में बुलंद कर सकें। उन्होंने सभी को अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर प्रतियोगिता में हिस्सा लेने शुभकामनाएं दीं।

## 90 पौव्वा शराब के साथ पकड़ाया रिकार्डधारी आरोपी

**रायपुर।** बीते शनिवार को ग्रामीणों के एक प्रतिनिधि मंडल द्वारा मंदिर हसौद थाना प्रभारी सचिन सिंह से मुलाकात कर ग्राम टेकारी में चल रहे असामाजिक गतिविधियों की ओर ध्यानाकृष्ट कराये जाने के बाद सक्रिय हुये? पुलिस अमला ने ग्राम के ही पुलिसिया रिकार्डधारी 18 वर्षीय अंकलेश्वर आत्मज संतोष वर्मा को शराब ले जाते रास्ते में 90 पौव्वा के साथ रंगे हाथ पकड़ लिया । शराब को जप्त कर मात्रा 5 लिटर से अधिक होने के कारण आबकारी अधिनियम की धारा 34 ( 2 ) के गैरजमानतीय अपराध के आरोप में उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। ज्ञातव्य हो कि ग्राम के गोठान के चारदीवारी को तोड़ मवेशियों को खदेड़ने व इनके द्वारा फसल को नुकसान पहुंचाने से आक्रोशित ग्रामीणों का एक प्रतिनिधि मंडल ने श्री सिंह से मुलाकात कर लिप्त अज्ञात तत्वों का पतासाजी कर कार्यवाही करने व साथ ही ग्राम में चल रहे असामाजिक गतिविधियों की ओर ध्यानाकृष्ट कर इससे निजात दिलाने का आग्रह किया था।

## बाल विकास सेवा के लिए प्रशिक्षण सत्र का किया गया आयोजन

**सूरजपुर।** विगत दिवस आकांक्षी ब्लॉक प्रतापपुर के जनपद पंचायत सभा हॉल में एकीकृत बाल विकास सेवा के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में पोषण ट्रैकर ऐप में 100 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को पंजीकृत करने और कार्यक्रम के तहत समर्थ ऐप में बच्चों को नामांकित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। सत्र में परियोजना अधिकारी, सेक्टर सुपरवाइजर,फेलो और फील्ड वर्कर शामिल हुए। प्रतापपुर ब्लॉक की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को क्लस्टर में विभाजित किया गया, जिसमें प्रत्येक क्लस्टर को प्रशिक्षण दिया गया।

## मटकी फोड़ प्रतियोगिता में जिले से 7 गोविंदाओं की टोली निकली


**रामानुजगंज।** रामानुजगंज विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 11 में स्थित गांधी मैदान में एवं विशाल धर्म सभा का आयोजन बजरंग दल के प्रांत संयोजक ऋषि मिश्रा, धर्म जागरण प्रांत प्रशासनिक टोली के सदस्य ठाकुर राजवाड़े, बजरंग दल के सूरजपुर जिला के संयोजक सुजीत सिंह सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं विश्व हिंदू परिषद के पदाधिरियों के विशेष उपस्थिति में आयोजित किया गया। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में जिले से 7 गोविंदाओं की टोली ने भाग लिया जिसमें 4 घंटे की कड़ी मश्कत के बाद उज्जवल क्लब पिपरोल के द्वारा करीब 35 फीट में टंगे मटकी को फोड़ने में सफ्लता हासिल की जिन्हें 25000 नगद पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

इस अवसर पर ठाकुर राजवाड़े ने बजरंग दल के कार्यों की जमकर सरहाना करते हुए। धर्म सभा में हिंदुत्व को लेकर विस्तार से बात रखी वहीं उन्होंने धर्मांतरण को लेकर धर्मांतरण करने वाले लोगों पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि हम सब हिंदुओं को जगने की जरूरत है धर्म संस्कृति के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है। उन्होंने हिंदू धर्म के देवी देवताओं के त्याग, तपस्या,बलिदान को लेकर कई उदाहरण के सहित अपनी बात विस्तार से रखी। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म उदारता,परोपकार, सह अस्तित्व, सहिष्णुता स्वीकार्यता की भावना पर जोर देता है। लव जिहाद पर भी उन्होंने अपनी बात रखते हुए करारा प्रहार किया। विश्व हिंदू परिषद के प्रान्त संयोजक ऋषि मिश्रा ने धर्म सभा के आयोजन के उद्देश्य को लेकर कहा कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता के साथ-साथ क्षेत्र में एकता सेवा सुरक्षा गौ सेवा और संस्कार का संवर्धन करना है। सूरजपुर बजरंग दल के जिला संयोजक सुजीत सिंह ने कहां की बलरामपुर रामानुजगंज जिले में बजरंग दल के हमारे स्वयंसेवक भाई लोग बहुत मजबूती से कार्य कर रहे हैं उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को बजरंग दल से जोड़ने का आह्वान किया । कार्यक्रम संयोजक एवं बजरंग दल के जिला संयोजक जस्सू केसरी ने कहा कि मटकी फोड़ का यह चौथे वर्ष बजरंग दल का आयोजन है परंतु पहली बार नगर में धर्म सभा का आयोजन किया गया। आयोजन का हम सब का प्रमुख उद्देश्य यह है कि युवाओं को बजरंग दल की विचारधारा से जोड़ते हुए सामाजिक कार्यों में आगे करना है। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के द्वारा आयोजन को लेकर कई दिन पूर्व से व्यापक स्तर में तैयारी की जारी थी मटकी फोड़ का यह चौथा वर्ष आयोजन था परंतु पहली बार धर्म सभा का विशाल आयोजन कराया गया था।

## उत्सव से पहले पहुंची गणेश प्रतिमा, हुआ भव्य स्वागत

**कोरबा।** कटघोरा में जयदेवा गणेश उत्सव समिति लगातार दूसरे वर्ष भव्य आयोजन कर रही हैं। इसके लिए राजनांदगांव जिले में निर्मित प्रतिमा सड़क मार्ग से यहां पहुंची। बताया गया कि कुल लागत से कहीं ज्यादा ट्रांसपोर्टेशन पर खर्च हुआ है। कटघोरा पहुंचने पर सुतर्रा से भव्य स्वागत यात्रा निकाली गई। काफी संख्या में लोग इसमें शामिल हुए। चतुर्थी को इस प्रतिमा की स्थापना की जाएगी।





## तहसीलदार पर परेशान करने का आरोप

**कोरबा।** जिस मंशा के साथ कोरबा जिले के अंतिम छोर पर बसे पसान में तहसीलदार की पदस्थाना की गई थी,उन उद्देश्यों की पूर्ती नहीं हो पा रही हैं। छोटे-मोटे कामों के लिए लोगों को परेशान ना होना पड़े इस लिहाज से सरकार ने लीलाधर ध्रूव को पसान तहसील में पदस्थ किया गया है। लेकिन उनके द्वारा ग्रामीणों को ही परेशान किया जा रहा है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधीयों ने रायपुर जाकर राजस्व और स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंपकर उन्हें हटाने की मांग की है। उनका आरोप है,कि आवस बनाने के लिए गरीब रेत लेकर जा रहे हैं उन्हें तसीलदार परेशान कर रहे है,वहीं राजस्व संबंधी कार्य जैसे फौती नामांतरण व अन्य कामों के लिए अपने एजेंटों के माध्यम से अवैध वसूली करवा रहे है। इस मामले में तहसीलदार लीलाधर ध्रुव का पक्ष जानने के लिए उनके मोबाइल पर संपर्क किया गया लेकिन कॉल रिसिव नहीं हो सका।

# सिरकी घाट में मासूम अचानक आया धारा में बचाने उतरी मां बहने लगी तो बचाया चरवाहे ने

### दो दिन बाद नहीं पता चला बच्चे का, मां बेसुध

**कोरबा।** बांगो थाना अंतर्गत पाथा कछार में हसदे नदी के सिरकी घाट में नहाने के लिए पहुंच 25 वर्षीय मां ने एकाएक देखा कि उसका 10 माह का मासूम नदी में बह रहा है तो वह बचाने के लिए दौड़ी। इस फेर में वह डूबने लगी। पास में मौजूद एक चरवाहे ने महिला को बचा लिया लेकिन मासूम आंखों से ओझल हो गया। दो दिन बाद भी उसका पता नहीं चल सका। बच्चे के गम में मां बेसुध है। वहीं अब पुलिस खोज कराने की बात कर रही है।

कछार की रहने वाली 25 वर्षीय महिला सुनीता अपने 10 माह के बच्चे दुष्यंत के साथ हसदेव नदी के सिरकी घाट नहाने गई हुई थी, सुनीता नहा ही रही थी उसी दौरान बच्चा भी खिसकते हुए नदी किनारे तरफ चला गया जहाँ नहाने में मसगुल माँ को



भनक नहीं लगी कि उसका बेटा नदी के तेज बहाव की तरफ आ रहा है। वहीं बच्चा के अधिक नजदीक आने के बाद नदी में समा गया और बहने लगा तब माँ की नजर बच्चे पर पड़ी फिर बच्चे को बचाने की कोशिश करने लगी लेकिन काफी देर हो चुकी थी माँ के द्वारा तेज बहाव गहरे नदी मे ढूंढने के प्रयास किया ही जा रहा था तभी तेज बहाव में उसकी माँ भी शिकार हो गई और वह भी नदी में बहने लगी। बहते हुए महिला पर चरवाहा की नजर पड़ी जहाँ बहते हुए माँ सुनीता को कुछ लोगों द्वारा बाहर निकाला गया। बेहोशी हालात में काफी मात्रा में पानी पी चुकी थी। कुछ समय बाद माँ सुनीता को होश आया तब जाकर लोगों ने राहत कि सांस ली, लेकिन मासूम दुष्यंत को बचाया नहीं जा सका।

सूचना के मिलने पर पुलिस अधिकारी समेत गोताखोर की टीम मौके पर पहुंचकर मासूम दुष्यंत को ढूंढने का प्रयास किया गया लेकिन कहीं पता नहीं चला। बांगो बांध से निकलने वाली पानी को कम कराया गया। इसके बाद भी बच्चे का कोई पता नहीं चल सका।

### *8 गोताखोर जुटे रेस्क्यू में*

*दो दिन पहले यह घटना कछार क्षेत्र के सिरकी घाट में हुई है। डूब रही महिला को बचा लिया गया जबकि उसका बच्चा लापता हो गया। सूचना मिलने पर 8 गोताखोर और एक मोटर बोट को रेस्क्यू के लिए लगाया गया है। संबंधित क्षेत्र में निगरानी की जा रही है।*
***उषा सोंधिया, टीआई बांगो***

*__कोरबा।__ मुड़ापार तालाब इन दिनों नशाखोरों के लिए सुरक्षित स्थान बना हुआ है। यहां प्रतिदिन नशेड़ी शराबखोरी कर रहे हैं।

## महंगी पड़ी रील बनानी हादसे में युवक की मौत

**कोरबा।** कुसमुंडा क्षेत्र में हुए जबरदस्त सड़क हादसे के दौरान एक यू-ट्युबर की मौत हो गई। मृतक का नाम मोहनीश कर्ष था,जो बरमपुर नहर बायपास मार्ग पर अपनी बाइक पर रील्स बना रहा था। इसी दौरान उसकी बाईक अनियंत्रित हुई और सीधे पेड़ से जा टकराई। हादसे के दौरान उसका दर्दनाक अंत हो गया। मोहनीश कुसमुंडा निवासी एक शिक्षक का पुत्र था। मोहनीश के मौत से उसके चाहने वालों में शोक की लहर दौड़ गई है।



कोरबा में सड़क हादसों के दौरान लोगों की मौत होने का सिलसिला जारी है। कुसमुंडा थाना अंतर्गत बरमपुर नहर बायपास मार्ग पर एक यू-ट्युबर हादसे का शिकार हो गया,जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक का नाम मोहनीश कर्ष था,जो यू-ट्यूब पर रील्स बनाने के लिए काफी प्रसिद्ध था। मोहनीश अपनी चलती बाइक पर रील्स बना रहा था,इसी दौरान उसकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सीधे सड़क किनारे मौजूद पेड़ से जा टकराई और उसकी मौत हो गई,बताया जा रहा है,कि मोहनीश कुसमुंडा निवासी एक शिक्षक का पुत्र था। मोहनीश की मौत से उसके शुभचिंतकों और चाहने वालों में शोक की लहर दौड़ गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ड्राइवर दिवस पर बालको में किया गया कार्यक्रम



**कोरबा।** राष्ट्रीय ड्राईव्हर दिवस के मौके पर पूरे देश में कई तरह के आयोजन हुए। कोरबा के बालको क्षेत्र में भी ड्राईव्हर दिवस मनाया गया। इस मौके पर बेलगड़ी बस्ती स्थित परिवहन कर्मचारी संघ के कार्यालय में सभी ड्राईव्हर एकत्रित हुए इस दिन विशेष को मनाया। संघ के अध्यक्ष ने कहा,कि एक सितंबर को पूरे देश में यह दिन मनाया जा रहा हैं। कोरबा में भी उनके द्वारा यह दिन मनाया जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने नगर में रैली निकालने की भी बात कही। कार्यक्रम के दौरान ड्राईव्हरों को संगठित होने पर जोर देने के साथ ही उनके हक की बात की गई।

## प्रतीक्षा बस स्टैंड दीपका दुर्गा उत्सव समिति का किया गया गठन

**कोरबा।** प्रतीक्षा बस स्टैंड दीपका में दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव का आयोजन बड़ी धूम-धाम से मनाया जाना तय हुआ है इसी संदर्भ में समिति द्वारा आज एक आवश्यक बैठक प्रतीक्षा बस स्टैंड दीपका दुर्गा पंडाल में रखी गई जिसमे समिति का गठन आज सर्वसम्मति से सभी सदस्यों की उपस्थिति में किया गया।

जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष द्वारिका शर्मा को एवं कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत को बनाया गया सचिव राधेश्याम सिंह,एवं कोषाध्यक्ष रमेश गुरुद्वान को बनाया गया। कार्यक्रम का व्यवस्थित तरीके से पूर्ण करने के लिए युवाओं की भी अलग से टीम बनाई गई है जिसमें निलेश साहू को अध्यक्ष, सचिव धीरेंद्र तिवारी , एवं कोषाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी गजेंद्र सिंह राजपूत को दी गई। समिति की इस बैठक में इस बात को जोड़ दिया गया कि इस वर्ष भी पिछले वर्ष की तरह दुर्गा पूजा एवं दशहरा उत्सव बड़े हर्षोउल्लास धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें विभिन्न प्रकार के आयोजन होंगे, जिसमें समिति के आदरणीय, सम्माननीय एवं जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता, पदाधिकारी गढ़, नगर के गणमान्य नागरिक, एवं समिति के नवयुवक साथियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी बातों को सामने रखा जिसमे कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने में एवं आयोजन को सफल बनाने में अपने अपने सुझाव दिए।

समिति की इस बैठक में प्रमुख रूप से द्वारिका शर्मा, राजेंद्र राजपूत,रमेश गुरुद्वान, संजय जायसवाल, राधेश्याम सिंह, निलेश साहू, दीपक जयसवाल, अनिल धीमान, धीरेंद्र तिवारी, संतोष निराला,परमेश्वर साहू, संतोष गुप्ता, गोल्डी सिंह,संदीप मानिकपुरी, गजेंद्र सिंह राजपूत, विकास सिन्हा, प्रकाश श्रीवास, राहुल राठौर आदि उपस्थित थे।

# कीट प्रकोप से बीमारी का फैलाव हुआ चिंताजनक सभी इलाकों में फॉगिंग मशीन की जरूरत

**कोरबा।** जिले के शहरी क्षेत्र में मलेरिया और डेंगू के मामलों में लगातार बढ़ोत्तरी ने लोगों की चिंता बढ़ाई है। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में डायरिया की उपस्थिति से हालात नाजुक हैं। लगातार इस प्रकार के मामलों से चिंता बनी हुई है। कीट प्रकोप को रोकने के लिए सभी क्षेत्रों में फॉगिंग मशीन की उपलब्धता पर जोर दिया जा रहा है।

नगर निगम कोरबा के उन क्षेत्रों में फॉगिंग मशीन की सक्रियता नजर आ रही है जहां बीते दिनों में मलेरिया और डेंगू के मामले मिले। जल जमाव के कारण लार्वा उत्पन्न होने से बीमारियां बढ़ीं। पूरे मामले में लापरवाही सबसे अहम कारण रही। पानी की निकासी को लेकर नकारात्मक रवैया प्रमुख वजह माना गया है। स्वास्थ्य और निगम के अमले ने प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को सलाह दी कि वे यहां-वहां पानी को जमा न रहने दें। अब कई क्षेत्र में फॉगिंग मशीन से प्रकोप रोका जा रहा है।



### नियंत्रण करने की जरूरत



वर्षाकाल में अलग-अलग कारणों से संकट की स्थिति उत्पन्न होती है। वर्तमान में कीट प्रकोप के कारण बीमारियां फैली है और लोग इससे प्रभावित हैं। इन पर नियंत्रण के लिए कीटनाशक के स्प्रे की जरूरत है। नियमित रूप से यह काम होता है तो लोगों की परेशानियां कम हो सकेंगीं।

### स्थिति पर रखी जा रही निगरानी

नगर पालिक निगम प्रतिबद्धता के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहा है। स्लम के अलावा अन्य क्षेत्रों में जहां कहीं बीमारी फैलने की खबर है वहां निगरानी रखी जा रही है। स्वच्छता के लिए बराबर काम हो रहा है। इसके लिए मैदानी अमले को न केवल निर्देशित किया जा रहा है बल्कि कामकाज की खबर ली जा रही है। प्रभावित इलाकों में मच्छरों का सफाया करने के लिए पूरी कोशिश जारी है।

**डॉ. संजय तिवारी, स्वच्छता प्रभारी, केएमसी**

## जिला प्रभारी सर्राफ कल लेंगे बैठक

**कोरबा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला प्रभारी राहुल सर्राफ का कल कोरबा आगमन हो रहा है। वे जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। उनके साथ जिलाध्यक्ष पंकज सोनी 11 सदस्यों का टीम तैयार करेंगे। इसके बाद से मंडलों में प्रभारियों की नियुक्ति होगी। इस नियुक्ति के बाद सभी मंडलों में सदस्यता अभियान शुरू हो जाएगा। कल की बैठक में प्रदेश कार्य समिति सदस्य नरेंद्र बिंझवार, पीति स्वर्णकार, अरविंद भगत, सुभाष राठौर, दीक्षित देवांगन, दिनेश तिवारी, धनंजय चौहान, किशन साव, प्रकाश यादव, नवीन देवांगन, किशन केशरवानी, विवेक मारकण्डे, समजीत सिंह, अनुराग दुहलानी, दिनेश सेन, पिंकु रंजन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। सभी कार्यकर्ता बैठक में अपने-अपने विचार रखेंगे। राहुल सर्राफ के द्वारा जिला कार्यसमिति के सदस्यों को बुलाया गया है। इनके द्वारा सुझाव लेते हुए नाम भी मांगे जाएंगे।

## शिमी ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपने परिवार एवं समाज का नाम रौशन किया



**कोरबा।** केरला से कोरबा आकर शासकीय पी.जी. कॉलेज कोरबा में नियमित छात्रा के रूप में एम.ए. (सायकोलॉजी) में अध्ययन कर अपनी कड़ी मेहनत एवं अनुशासन से विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उन्हें अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर द्वारा दिनांक 31 अगस्त 2024 को आयोजित के 5वीं दीक्षांत समारोह में माननीय उप मुख्यमंत्री अरूण साव के हाथों गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस पर छ.ग. प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, राज्यपाल रमन डेका एवं सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूति प्रशांत मिश्रा भी उपस्थित थे।

यह कॉलेज, उसके परिवार एवं मलयाली समाज के लिए बहुत ही प्रशंसा एवं गौरव की बात है। शिमी विनीश को एम.ए. (सोयकोलॉजी) में गोल्ड मेडल प्राप्त होने पर उनका परिवार, मलयाली समाज, सहपाठी, मित्र सभी की बधाई संदेश एवं आशीर्वाद लगातार मिलना प्रारंभ हो गया है।

# कनकी में प्रवासी पक्षियों के दुश्मन बनें बिज्जू

### प्रतिदिन दिन उतार रहे मौत के घाट

**कोरबा।** जिले के वन परिक्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम कनकी में अलग अलग स्थानों से से आए प्रवासी पक्षियों एसीएन बिल स्टार्क के क्षेत्र में मौजूद बिज्जू प्रजाति के वन्य प्राणी दुश्मन बनें हुए है। यह प्राणी प्रतिदिन हमला कर प्रवासी पक्षियों के बच्चों को या तो भक्षण कर जा रहे है। या उन्हें मर कर नीचे गिरा दे रहे है। जिससे वन विभाग की चिंता बढ़ गई है। प्रवासी पक्षियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी प्रवासी पक्षियों के जान की दुश्मन बनें इन बिज्जूयों को पकड़ने का प्रयास कर रहे है। लेकिन जब भी रेस्कयू का अभियान चलाया जाता है। वें पेड़ो पर बनें खोह में घूस जा रहे है। फल स्वरूप सफलता नही मिल पा रही है।

ग्राम कनकी में विगत तीन चार दिनों से विदेशी एशियन बिल स्टार्क पक्षी की मौत हो रही है। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना वन विभाग को दी गई जिस पर विभाग के अधिकारियों ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की तो पता चला कि क्षेत्र में चार बिज्जू प्रजाति के वन्य प्राणी सक्रिय है। जो हमला कर विदेशी पक्षियों के बच्चों को मार दे रहे है।





विभाग ने बिज्जू को पकड़ने के लिए योजना बनाते हुए अपने अधिकारियों व कर्मचारियों को यहां भेजा है। जो लगातार बिज्जू को पकड़ने व प्रवासी पक्षियों की सुरक्षा के लिए प्रयास कर रहे है लेकिन इसमें उन्हें कामयाबी नही मिल पा रही है।

जानकारी के अनुसार पक्षियों के लिए अनुकूल वातावरण होने से वन विभाग ने कनकी समेत आसपास को संरक्षित क्षेत्र घोषित किया है। प्रति वर्ष जुलाई से अगस्त माह के बीच अंडे से चूजे निकल आते हैं। अक्टूबर नवंबर तक ये उड़ान भरने योग्य होने पर ये वापस चले जाते हैं। पिछले दो तीन दिनों से पक्षी पेड़ से गिर रहे हैं। उड़ान भरने में असमर्थ पक्षी असुरक्षित है। प्रथम दृष्टया में पक्षियों में बीमारी फैलने की आशंक जतायी जा रही थी। लेकिन जांच पड़ताल में पता चला कि क्षेत्र में मौजूद बिज्जू प्रवासी पक्षियों दुश्मन बनें हुए जो लगातार नुकसान पहुंचा रहे है। गांव के अन्य स्थानों में विविध वृक्ष हैं लेकिन अधिकांश पक्षी शिव मंदिर परिसर के पेड़ों में ही अपना घोसला बनाते हैं। धान की फसल को नुकसान पहुंचाने वाले कीटों को भी ये नष्ट कर किसानों के लिए सहयोगी होते हैं। प्रवासी पक्षी एशियन ओपन बिल स्टार्क भारत उपमहाद्वीप के साथ-साथ दक्षिण पूर्व एशिया के श्रीलंका, म्यामार, मलेशिया, फिलिंपिंस, सिंगापुर से यहां उड़ान भरकर आते हैं। भारत में इसे घोघिंल के नाम से जाना जाता है। कनकी में बड़ी संख्या में पीपल, इमली के पेड़ हैं, जिसमें पक्षियों ने घोसला बनाया है।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com




स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com